Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24


website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 126 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, सोमवार 04 नवम्बर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परिश्रम से अर्जित धन, सौभाग्य का दाता होता है।

Money earned by hard work brinos good fortune.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्थापना दिवस : मंत्री लखनलाल देवांगन 5 नवंबर को कोरबा में होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर (विसं)।** राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथिगण की सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय कोरबा के ओपन थियेटर घण्टाघर चौक में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### राज्य स्थापना दिवस : मंत्री टंकराम वर्मा 5 नवंबर को सारंगढ़-बिलाईगढ़ में होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर (विसं)।** राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथिगण की सूची राज्य शासन द्वारा जारी कर दी गई है। जिला मुख्यालय सारंगढ़ में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### सांसद चिंतामणि महाराज 5 को राज्य स्थापना दिवस समारोह के जशपुर में होंगे मुख्य अतिथि

**जशपुर (आरएनएस)।** राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथिगण की सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि होंगे।

### राज्योत्सव के लिए दर्शकों को मिलेगी निःशुल्क बस सेवा

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय व्यापार परिसर तूता में तीन दिनी राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर शहर से राज्योत्सव स्थल तक जाने और वापस आने के लिए ज़िला प्रशासन द्वारा दर्शकों को 4 से 6 नवंबर तक निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। चार तारीख़ से दोपहर तीन बजे से हर घंटे बसें तूता नवा रायपुर के लिये रवाना होंगी। निःशुल्क बस सेवा रायपुर शहर के रेलवे स्टेशन स्टैंड, कालिबाडी चौक, पचपेड़ी नाका और भाटागाँव नये बस स्टैंड से संचालित होंगी।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस : नया रायपुर में 04 से 06 नवम्बर तक राज्योत्सव का होगा भव्य आयोजन









**मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि**

**ख्यातिप्राप्त कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुति, शासकीय विभागों द्वारा लगाई जाएगी विकास प्रदर्शनी, शिल्प ग्राम, फूड कोर्ट और मीना बाजार रहेगा आकर्षण का केन्द्र**

**6 नवम्बर को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्य अलंकरण एवं समापन समारोह में शामिल होंगे**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी है। तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक राज्योत्सव स्थल, नया रायपुर अटल नगर में होगा। राज्योत्सव स्थल में मुख्य मंच से लेकर पूरे परिसर की साज-सज्जा का काम तेजी से कराया जा रहा है। शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाने की तैयारी में जुटे हैं।

राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का उद्घाटन 4 नवम्बर को संध्या 6 बजे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्यपाल श्री रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में 5 नवम्बर को राज्योत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव का समापन 6 नवम्बर को उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे।

राज्योत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव एवं श्री विजय शर्मा, मंत्री श्री रामविचार नेताम, श्री दयाल दास बघेल, श्री केदार कश्यप, श्री लखनलाल देवांगन, श्री श्याम बिहारी जायसवाल, श्री ओपी चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं श्री टंकराम वर्मा, नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्वश्री राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इन्द्र कुमार साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्योत्सव में ख्यातिप्राप्त कलाकार रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। 4 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत संध्या 4.30 बजे से होगी। बालीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक शांतुन मुखर्जी (शानु) की प्रस्तुति रात्रि 7.45 बजे से होगी। इससे पूर्व श्री रिखी क्षत्रीय की टीम द्वारा 12 लोक नृत्य की झलकियां, श्री मोहन चौहान एवं साथी द्वारा आदिवृंदम, श्री सुनील सोनी एवं टीम द्वारा क्षेत्रीय नृत्य संगीत तथा श्री विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह 5 नवम्बर को राज्योत्सव में संध्या 5 बजे से श्री पुरानिक साहू द्वारा सांस्कृतिक लहर गंगा, श्री सुरेन्द्र साहू, भोला यादव एवं साथियों द्वारा लोक धुन, श्री मोहन नायडू एवं साथियों द्वारा द मून लाईट रागा, राजेश अवस्थी, सुश्री आरू साहू एवं सुश्री नीति मोहन की प्रस्तुति होगी। 6 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत श्री अनुराग शर्मा द्वारा अनुराग स्टार नाईट, श्री मनोज प्रसाद द्वारा इंडियाज गॉट टैलेंट मल्लखंभ, श्री सवि श्रीवास्तव द्वारा जादू बस्तर एवं पवनदीप एवं अरूनिता के पार्श्व गायन की प्रस्तुति होगी। राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों द्वारा राज्योत्सव स्थल पर भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यहां शिल्प ग्राम बनाया जा रहा है, जहां छत्तीसगढ़ के विविध शिल्प प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। राज्योत्सव स्थल परिसर में शासकीय विभागों की प्रदर्शनी के लिए विशाल हैंगर (डोम) बनाए गए हैं। हैंगर-एक एवं दो में शासकीय विभागों के स्टॉल लगेंगे, जबकि हैंगर-तीन में वाणिज्यिक संस्थान अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राज्योत्सव-2024 के शुभारंभ कार्यक्रम में होंगे शामिल



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार 4 नवंबर को राज्योत्सव मेला स्थल नवा रायपुर अटल नगर में राज्योत्सव-2024 के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री शाम 5.35 बजे मुख्यमंत्री निवास से राज्योत्सव मेला स्थल के लिए रवाना होंगे। शाम 5.15 बजे मेला स्थल पहुंचेंगे, जहां वे शाम 6 बजे से शाम 7.15 बजे तक राज्योत्सव के शुभारंभ समारोह में शामिल होंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी 8 से 14 नवंबर तक महाराष्ट्र में करेंगे 11 रैलियां

**मुंबई ( आरएनएस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर 8 से 14 नवंबर राज्य में पार्टी के प्रचार के लिए कई रैलियां करेंगे। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी राज्य में 8 से 14 नवंबर के बीच करीब 11 रैलियों को संबोधित करेंगे।



महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि पीएम मोदी के 8 नवंबर को धुले और नासिक, 9 नवंबर को अकोला और नांदेड़, 12 नवंबर को चंद्रपुर, चिमूर, सोलापुर व पुणे और 14 नवंबर को संभाजीनगर, नवी मुंबई और मुंबई में चुनावी सभाओं को संबोधित करने की उम्मीद है। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह भी राज्य में चुनाव से पहले करीब 20 रैलियों को संबोधित करेंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगभग 22 और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के लगभग 13 रैलियों को संबोधित करेंगे। इन सब के साथ महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष बावनकुले भी राज्य में पार्टी को बहुमत दिलाने के लिए प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी राज्य में धुआंधार रैलियां करेंगे।

बताया जा रहा है कि भाजपा नेताओं की इन रैलियों में महायुति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। भाजपा के एक नेता ने कहा, हम सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को उजागर करेंगे, जिसमें लाडली बहना योजना, 44 लाख किसानों के लिए बिजली माफी और जनता को व्यक्तिगत रूप से लाभ पहुंचाने वाली 58 पहल शामिल हैं। महायुति गठबंधन का लक्ष्य महाराष्ट्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करना है। राज्य में फिर से डबल इंजन वाली सरकार बनेगी। बता दें कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार गुट) और कांग्रेस शामिल हैं।

### झारखंड विस चुनाव : बीजेपी ने जारी किया मेनिफेस्टो

**रांची ( आरएनएस )।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना मेनिफेस्टो जारी कर दिया है। भाजपा ने अपने मेनिफेस्टो को 'सकल्प पत्र' नाम दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड के लिए 'संकल्प पत्र' जारी किया है। इस दौरान असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, संजय सेठ, बीजेपी झारखंड अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहे।

## बस मार्शलों पर गंदी राजनीति बंद करे भाजपा : मुख्यमंत्री आतिशी

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को भाजपा नेताओं को बस मार्शलों की बहाली को लेकर गंदी राजनीति बंद करने की चेतावनी दी।




मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नौकरी से निकाले गए सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों (सीडीवी) को पता है कि उनकी परेशानी की वजह भाजपा है, न कि सत्तारूढ़ आप या उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल। मुख्यमंत्री ने भाजपा को चुनौती दी कि वह अधिकारियों से उनकी सरकार के उस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए कहें, जिसे इस सप्ताह राजनिवास भेजा जा सकता है ताकि सभी 10 हजार सीडीवी को तुरंत नियमित किया सके। आतिशी ने गरीब परिवारों के 10 हजार से अधिक बस मार्शलों को रोजगार प्रदान करने और दिल्ली की महिलाओं तथा बच्चों के लिए बस यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए उनकी तैनाती का श्रेय केजरीवाल को देते हुए कहा कि उनकी सेवा में व्यवधान भाजपा द्वारा नियंत्रित अधिकारियों के कारण उत्पन्न हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के अधिकारियों ने अप्रैल 2023 में बस मार्शलों का वेतन रोक दिया और उन्हें बर्खास्त करने के लिए फाइलों पर लगातार नकारात्मक नोटिंग की। आतिशी ने मीडियाकर्मियों से कहा, यह अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार के प्रयासों के कारण ही संभव हुआ कि बाधाओं के बावजूद बस मार्शलों को वेतन जारी किया गया। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल ने बस मार्शलों की बहाली तक उनके संघर्ष में शामिल होने का वादा किया है।

## श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**केदारनाथ ( आरएनएस )।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट रविवार को भैया दूज के पावन पर्व पर प्रात: 08:30 बजे शीतकाल के लिए बंद हो गए। ऊं नम् शिवाय, जय बाबा केदार के जय घोष तथा भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। मंदिर को दीपावली के दिन से ही भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। श्री अजय की उपस्थिति में रविवार प्रात: पांच बजे कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की।

## देश में हर हाल में लागू होगी यूसीसी, आदिवासी इसके दायरे से रहेंगे बाहर : अमित शाह

**रांची ( आरएनएस )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रांची में कहा कि पूरे देश में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) हर हाल में लागू होगी, लेकिन आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर केंद्र की सरकार की योजनाओं को लटकाने और राज्य में पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया।



झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, झारखंड का ये चुनाव न केवल सरकार बदलने का चुनाव है, बल्कि झारखंड का भविष्य सुरक्षित करने का चुनाव है। झारखंड की महान जनता को तय करना है कि भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार चाहिए या विकास के रास्ते पर चलती हुई पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार चाहिए। घुसपैठ कराकर झारखंड की अस्मिता को खतरे में डालने वाली सरकार चाहिए या परिंदा भी पर न मार सके ऐसी सरहद की सुरक्षा करने वाली बीजेपी सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। घुसपैठियों को नहीं रोका गया तो राज्य की संस्कृति, रोजगार और अस्मिता पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। केंद्र सरकार राज्य में एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें डिपोर्ट करेगी। हेमंत सोरेन को घुसपैठियों में अपना वोट बैंक दिखाई देता है। घुसपैठियों की वजह से आदिवासियों की संख्या घट रही है, डेमोग्राफी बदल रही है और हेमंत सोरेन की सरकार अपनी धुन में मस्त है। मैं आपसे वादा करता हूं कि बीजेपी सरकार आएगी, तो घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालेगी।

अमित शाह ने कहा, असम में बीजेपी सरकार आई और आज असम में घुसपैठ बंद हो गई है। हम रोटी, बेटी और माटी तीनों का संरक्षण करेंगे। शाह ने कहा कि झारखंड अलग राज्य अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया था और इसे संवारने का काम नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार ने किया, लेकिन पांच साल पहले जब हेमंत सोरेन की सरकार आई तो उसने डबल इंजन सरकार के वक्त शुरू हुई तमाम विकास योजनाओं को ठप कर दिया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से केंद्र के पास एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया के भुगतान का मुद्दा उठाने पर अमित शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन बचकानी बात कर रहे हैं।

## नक्सलियों ने साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा जवानों पर किया हमला

**सुकमा ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिले में नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा जवानों पर नक्सलियों ने अचानक हमला कर दिया. इस फायरिंग में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है.






## एनएमडीसी ने अक्टूबर माह में ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज करते हुए नया रिकॉर्ड बनाया

**हैदराबाद ( विश्व परिवार )।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने एक बार पुन: अपनी परिचालन उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए स्थापना के बाद अक्टूबर माह का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है।



कंपनी द्वारा लौह अयस्क के प्रभावशाली 4.07 मिलियन टन (एमटी) उत्पादन और 4.03 एमटी बिक्री के साथ पूर्व में स्थापित अक्टूबर माह के सभी रिकार्डों को पार किया है, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 3.8त्न की बढ़ोतरी और बिक्री में 17.15त्न की वृद्धि को दर्शाता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से एनएमडीसी के वित्तवर्ष 25 के संचित आँकड़े उत्पादन में 21.55 एमटी और बिक्री में 23.84 एमटी पर पहुँच गए हैं, जो कि देश में लौह अयस्क की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने एनएमडीसी के उल्लेखनीय प्रदर्शन का श्रेय इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दिया है और कहा कि उत्पादन में 3.8त्न की वृद्धि और बिक्री में 17.15त्न की वृद्धि के ये रिकार्ड-तोड़ आँकड़े हमारे नीतिगत निर्णयों, प्रौद्योगिकी उन्नति और दीर्घ-कालिक फोकस की सफलता को दर्शाता है। हम हमारे प्रदर्शन का निरंतर मूल्यांकन करते हैं और इस गति के साथ इस वित्त वर्ष में हमारे सर्वोत्तम प्रदर्शन के प्रति हम आश्वस्त हैं

उत्पादन वॉल्यूम में वृद्धि सावधानीपूर्वक बनाई गई माइन योजना से प्राप्त हुई जबकि उल्लेखनीय बिक्री आँकड़े का श्रेय बढ़ती मांग और ग्राहकों के द्वारा नरंतर क्रय करने को जाता है। उत्पादन क्षमता बढ़ाने, लौह अयस्क की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने, और पर्यावरणीय सुस्थिर प्रथाओं को अपनाने में एनएमडीसी के फोकस ने जिम्मेदार खनन के प्रति इसके समर्पण को मजबूत किया है। निगम भारत के खनन क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है, जो कि इस उद्योग के मजबूत भविष्य के इसके मिशन के साथ संरेखित करता है। इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत एक नवरत्न पीएसयू के रूप में एनएमडीसी भारत की इस्पात उत्पादन की मांगों की पूर्ति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने निरंतर मजबूत प्रदर्शन के साथ एनएमडीसी खनन क्षेत्र में विकास और सुस्थिरता को लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भारत ने चीन सीमा पर मजबूत की पकड़, बनाई देश की सबसे ऊंची हवाई पट्टी



**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** भारत ने चीन सीमा पर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करते हुए लद्दाख में देश की सबसे ऊंची हवाई पट्टी का निर्माण किया है। यह एयरफील्ड पूर्वी लद्दाख के मुढ़-न्योमा क्षेत्र में स्थित है और यह चीन की सीमा के काफी करीब है। इस नए एयरफील्ड के बनने से भारतीय सेना को सीमा पर तेजी से मूवमेंट करने में आसानी होगी और साथ ही यह क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति को भी मजबूत करेगा। यह एयरफील्ड करीब 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसमें तीन किलोमीटर लंबा रनवे है।

यह एयरफील्ड चार साल पहले गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच हुए तनाव के बाद से भारतीय सेना की प्राथमिकता रही है। इस तनाव के बाद से भारत ने लद्दाख में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। न्योमा एयरफील्ड इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एयरफील्ड भारतीय सेना को सीमा पर तेजी से सैनिक और हथियारों को तैनात करने में मदद करेगा। इससे भारतीय वायु सेना दूरदराज और पहाड़ी इलाकों में आसानी से पहुंच सकती है। यह एयरफील्ड किसी भी आपातकालीन स्थिति में भारतीय सेना के लिए एक महत्वपूर्ण आधार होगा। भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## नमस्ते ऑस्ट्रेलिया! विदेश मंत्री जयशंकर दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में पहुंचे ब्रिस्बेन



**ब्रिस्बेन ( एजेंसी )।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को ब्रिस्बेन पहुंचे। विदेश मंत्री ऑस्ट्रेलिया में भारत के चौथे वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे और विदेश मंत्रियों के 15वें फ्रेमवर्क डायलॉग (एफएमएफडी) में भाग लेंगे।

विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया- नमस्ते ऑस्ट्रेलिया! आज ब्रिस्बेन पहुंच गया। भारत-ऑस्ट्रेलिया दोस्ती को आगे बढ़ाने के लिए अगले कुछ दिनों में सकारात्मक बातचीत की आशा है। बता दें विदेश मंत्री 3 से 8 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर के दौरे पर रहेंगे। जयशंकर की यात्रा का पहला पड़ाव ऑस्ट्रेलिया में 7 नवंबर तक जारी रहेगा।

अपने प्रवास के दौरान, विदेश मंत्री कैनबरा में अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के साथ 15वें एफएमएफडी की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान दोनों मंत्री भारत-प्रशांत क्षेत्र में आपसी हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। जयशंकर ने क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले जुलाई में टोक्यो में वोंग से मुलाकात की थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में रहते हुए, जयशंकर ऑस्ट्रेलियाई संसद भवन में होने वाले दूसरे रायसीना डाउन अंडर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण भी देंगे।

बयान में कहा गया कि उनके कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलियाई नेताओं, सांसदों, भारतीय प्रवासियों के सदस्यों के साथ-साथ व्यापार, मीडिया और थिंक टैंक के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा के बाद, जयशंकर 8 नवंबर को सिंगापुर जाएंगे, जहां वे आसियान-भारत थिंक टैंक नेटवर्क के 8वें गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे। वे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ साझेदारी की समीक्षा करने और द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के अवसरों की तलाश में सिंगापुर के नेतृत्व से भी मिलेंगे।

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, सोमवार 04 नवम्बर 2024
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल रमेन डेका को ब्रम्हकुमारी बहनों ने भाई दूज का टीका लगाया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने मुलाकात कर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और भाई दूज का टीका लगाकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। बहनों ने राज्यपाल को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जापान एवं फिलिपींस में संचालित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी, इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, रायपुर केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### 50 बरस का सार्वजनिक जीवन सेवा में बिताया अब सम्मान में देशभर से जुटेगा ब्राह्मण समाज

**पूर्व मंत्री श्री सत्यनारायण शर्मा के सम्मान में 8 नवंबर को जैनम मानस भवन में विप्र फाउंडेशन का लोक अभिनंदन समारोह**

**पूर्व सीएम समेत देशभर से 100 सबसे प्रभावशाली ब्राह्मण शख्सियतें जुटेंगी, समाज के 55 घटक भी शामिल होंगे**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सक्रिय राजनीति से संन्यास ले चुके पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा के सम्मान में 8 नवंबर को राजधानी में भव्य समारोह रखा गया है। इसमें सीएम विष्णुदेव साय, पूर्व सीएम भूपेश बघेल समेत देशभर से 100 प्रभावशाली ब्राह्मण शख्सियतें शिरकत करेंगी। साथ में समाज के 55 से ज्यादा घटक भी यहां अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से क्षेत्र के कद्दावर नेता पूर्व मंत्री श्री शर्मा ने सार्वजनिक जीवन के 50 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन (जोन 13) ने लोक अभिनंदन समारोह रखा है। 8 नवंबर को यह कार्यक्रम नवा रायपुर में एयरपोर्ट के सामने जैनम मानस भवन में होगा। इसकी शुरुआत 8 नवंबर शाम 6.00 बजे से होगी। इसमें विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा समेत समाज की कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। लोकाभिनंदन समारोह से से पहले फाउंडेशन द्वारा शर्मा की भव्य स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। सेवा को समर्पित श्री शर्मा के 50 बरस को यादगार बनाने के लिए देवपुरी में सत्यनारायण सेवाश्रम की नींव भी रखी जानी है। इसका भूमिपूजन अगले ही दिन यानी 9 नवंबर को देवपुरी में किया जायेगा। इस समारोह में भी सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के बड़े दिग्गज शिरकत करेंगे।

### बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक स्थगित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं अध्यक्ष बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में प्राधिकरण की शुक्रवार 08 नवम्बर 2024 को बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

### मुख्यमंत्री साय ने बस्तर ओलम्पिक 2024 के लोगो और मस्कट का किया अनावरण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में बस्तर ओलंपिक 2024 के लोगो (प्रतीक चिन्ह) और मस्कट (शुभंकर) का अनावरण किया। उन्होंने बस्तर ओलंपिक के दो प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस्तर क्षेत्र के युवाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने, बस्तर की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने और बस्तर की जनता का शासन से मजबूत संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से 5 नवंबर से 10 दिसंबर तक बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित वर्चुअल बैठक में बस्तर ओलंपिक की तैयारी की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा भी उपस्थित थे।

### टी.एस. प्रसाद का निधन, अंतिम संस्कार आज



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हमें यह सूचित करते हुए गहरा दुख हो रहा है कि श्री टी.एस. प्रसाद (सेवानिवृत्त, एसबीआई) सुपुत्र स्वर्गीय टी.जे.जे. राव का 3 नवंबर 2024 को निधन हो गया। अंतिम यात्रा 4 नवंबर 2024 को सुबह 11:30 बजे निवास स्थान सरस्वती निलयम, एस-44, सेक्टर 2, अवंति विहार, रायपुर से निकलेगी और मारवाड़ी मुक्ति धाम, बुढ़ापारा, रायपुर में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

## छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज का दीपावली मिलन समारोह का हुआ सफल आयोजन, दीये की रोशनी से जगमगाया चेंबर भवन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** चेंबर अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने प्रदेश के समस्त व्यवसायियों-उद्योगपतियों एवं आम नागरिकों को दीपावली की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा प्रतिवर्षानुसार आज दिनांक 1 नवंबर, 2024 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दीपावली मिलन समारोह का आयोजन चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में संपन्न हुआ जिसमे चेंबर संरक्षक से लेकर सलाहकार, प्रदेश प्रभारी आईटी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी, प्रदेश सांस्कृतिक प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री, प्रदेश मंत्री, कार्यकारी सदस्य, उद्योग चेंबर, ट्रांसपोर्ट चेंबर, महिला चेंबर, युवा चेंबर, कैट सीजी चेप्टर टीम, युवा कैट एवं विभिन्न व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित पुरे प्रदेश के चेंबर पदाधिकारी एवं सदस्य गण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने समारोह के शुभारंभ में सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं अतिथियों सहित प्रदेश के समस्त व्यवसायियों-उद्योगपतियों तथा आम जनता को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। वहीं समारोह में शामिल चैंबर के पदाधिकारियों व व्यवसायियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाए साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं गले लगकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। श्री पारवानी जी चैंबर के पदाधिकारियों व व्यवसायियों को संबोधित कर दीपावली पर्व के महत्त्व को बताते हुए कहा कि रौशनी का यह पर्व लोगों के जीवन में सुख समृद्धि और शांति लाती है, इस पावन अवसर पर आओ हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि स्वयं के अन्दर की बुराई रूपी अँधेरे को इस दीपावली पर्व के रौशनी से हमेशा के लिए मिटाएँ। समारोह में श्री पारवानी जी ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों एवं आम जनता के सुख एवं समृद्धि की कामना करते हुए दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## संगठन चुनाव हेतु जिला चुनाव अधिकारी बने पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी



**मंडल चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी एवं सहयोगी की घोषणा**

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा आगामी संगठन पर्व में होने वाले निर्वाचन प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु पूर्व मंत्री व जिला चुनाव अधिकारी डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने मंडल चुनाव अधिकारी और सहयोगी की घोषणा की है जो तत्काल प्रभावशील होगी एवं जिनके निर्देशन मे मंडल चुनाव होना है और वे अपने-अपने मंडल चुनाव के संगठनात्मक निर्वाचन को मूर्त रूप देंगे। उक्ताशय की जानकारी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव ने दी।

मंडलवार चुनाव अधिकारी एवं सहयोगी के नाम इस प्रकार है। बया- सुरेंद्र टिकरिहा, पुनीत नायक, टूंड्रा- टेसूलाल धुरंधर, श्रीमती सत्यभामा साहू, कसडोल - अनिल पांडे, सुदीप मानिकपुरी, लवन- विजय केशरवानी, गिरधारी वर्मा, पलारी- कृष्णा अवस्थी, अमित वर्मा, दक्षिण पलारी- विपिन बिहारी वर्मा, शंभू डहरिया, बलौदाबाजार शहर- तेजराम वर्मा, श्रीमती नीलम सोनी, बलौदाबाजार ग्रामीण- श्रीमती श्यामबाई साहू, डमरूधर वर्मा, सुहेला- सेवक वर्मा, दौलतराम पाल, भाटापारा शहर- योगेश चंद्राकर, सुनील यदु, भाटापारा ग्रामीण- आनंद यादव, प्यारे रजक, सिमगा- राकेश तिवारी, अभिजीत अवस्थी, निपनिया- ओमप्रकाश चंद्रवंशी, राजेश पटेल होंगे।

**रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन-2024**

## ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 5 नवंबर को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे से

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहकर ईवीएम कमीशनिंग प्रक्रिया के अवलोकन की अपील की**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कमांक 51-रायपुर नगर दक्षिण के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उपनिर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है।

मतदान के लिये मशीनों को तैयार करने के क्रम में मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 5 नवंबर 2024 समय प्रातः 10.00 बजे से प्रारंभ कर दिया जायेगा, जिसकी सूचना रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 जिला रायपुर के द्वारा निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को दी जावेगी। मशीनों के कमीशनिंग का कार्य रायपुर में सेजबहार स्थित ई-ब्लाक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया जावेगा। मतदान हेतु मशीनों को तैयार करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये निर्माता कंपनी मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) के इंजीनियर नियत तिथि के एक दिवस पूर्व रायपुर पहुंच जाएंगे।

इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के कमीशनिंग की प्रक्रिया में मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) के इंजीनियरों द्वारा सभी वीवीपैट मशीनों में सिंबल लोडिंग की जायेगी। सभी मशीनों में एक मत डालकर तथा रेण्डम् रूप से चुने गये 5 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉकपोल किया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 रायपुर नगर दक्षिण में निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे कमीशनिंग की प्रक्रिया के अवलोकन हेतु नियत तिथि व समय पर कमीशनिंग परिसर रायपुर सेजबहार में स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में उपस्थित रहकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कार्य प्रणाली और इसकी निष्पक्षता के संबंध में पूरी तरह आश्वस्त हो।

## डीपीएस एनटीपीसी कोरबा के छात्र अर्जुन अग्रवाल जूनियर केबीसी के हॉट सीट पर होंगे उपस्थित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्थानीय समुदाय के लिए एक रोमांचक समाचार में, दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी कोरबा के छठी कक्षा के छात्र अर्जुन अग्रवाल, 4 नवंबर को रात 9 बजे बहुप्रतीक्षित टीवी शो जूनियर केबीसी के हॉट सीट पर दिखाई देंगे। अर्जुन को सदी के महानायक अमिताभ बच्चन द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देने का अनोखा अवसर प्राप्त होगा, जो उसके युवा शैक्षणिक करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

सिर्फ 11 वर्ष की आयु में, अर्जुन ने पहले से ही एक उत्कृष्ट छात्र और उभरते सितारे के रूप में अपनी पहचान बना ली है। उसने कड़ी प्रतिस्पर्धा में, जिसमें देश भर से 540 छात्रों ने भाग लिया, कठिन ग्राउंड ऑडिशन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पास किया। उसकी मेहनत, दृढ़ संकल्प और मजबूत सामान्य ज्ञान ने उसे इस प्रतिष्ठित शो पर जगह दिलाई है।

अर्जुन, एनटीपीसी कोरबा के कर्मचारी मनीष अग्रवाल, डीजीएम (एमजीआर) और गृहिणी नेहा अग्रवाल का बेटा है, और हमेशा से एक उत्कृष्ट छात्र रहा है। अर्जुन दृढ़ता और उत्कृष्टता का प्रतीक है, उसकी माँ, नेहा अग्रवाल ने कहा। हम हमेशा उसकी क्षमताओं पर विश्वास करते थे, और जूनियर केबीसी पर उसके प्रदर्शन का सपना सच होता देखना रोमांचक है। अर्जुन की केबीसी मंच तक की यात्रा चुनौतियों से भरी थी। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के बाद, उसे मुंबई में आयोजित ग्राउंड ऑडिशन के लिए चुना गया, जहां उसने लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में उत्कृष्टता हासिल की, चयनकर्ताओं को अपनी आत्मविश्वास और ज्ञान से प्रभावित किया। शैक्षणिक उपलब्धियों के अलावा, अर्जुन एक avid शतरंज खिलाड़ी है और बैडमिंटन खेलना पसंद करता है, जो उसकी बहुपरकारी प्रतिभाओं को दर्शाता है। उसका पसंदीदा विषय विज्ञान है, और उसे सीखने के प्रति उत्साह और जिज्ञासा के लिए जाना जाता है।

अर्जुन का जूनियर केबीसी के लिए चयन कोरबा में गर्व की लहर को जन्म दिया है, जहां स्थानीय समुदाय, उसका स्कूल और एनटीपीसी प्रबंधन सभी उसकी इस उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। यह अवसर न केवल अर्जुन की व्यक्तिगत प्रतिभा को उजागर करता है, बल्कि कोरबा को उभरते प्रतिभाओं का केंद्र भी बनाता है। भारत भर के दर्शकों से अनुरोध है कि वे 4 नवंबर को जूनियर केबीसी में अर्जुन अग्रवाल की यात्रा देखने के लिए tuned रहें। शो में उसकी उपस्थिति मेहनत की ताकत और युवा मनों के सपनों को साकार करने का प्रमाण है।

## जैन समाज के दीपावली मिलन में सामाजिक एकता का संकल्प, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर चिंतन



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** राजधानी की सकल जैन समाज के दीपावली मिलन में सकल जैन समाज ने संकल्प के साथ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के संकल्प के सामाजिक दशा और दिशा सकारात्मकता के साथ तय कर चिंतन किया भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई मीडिया प्रभारी अंशुल जैन ने बताया मंच से सामाजिक संस्कृति और परंपरा के निर्वहन के साथ सामाजिक समरसता के साथ समाज देश के प्रति अपने उत्तर दायित्वों को निभाने का संकल्प लिया गया इस अवसर पर सोशल मीडिया के माध्यम से समाज को तोड़ने वाले वक्तव्य का विरोध कर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया सूत्रधार पंचायत कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दय प्रमोद हिमांशु पंकज सुपारी और मनोज प्रधान ने अपने संबोधन में सामाजिक उत्थान के साथ देश संस्कृति और परंपरा को ऊंचाईयों पर रखने की बात कही।

कार्यक्रम में सार्थकता सिद्ध हुई निर्णय किया गया समाज की वरिष्ठजन हमेशा निराश्रित वर्ग के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए सहयोग करते रहेंगे संचालन पंकज प्रधान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजधानी की मंदिर समितियां के अध्यक्ष विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सहित अनेक संस्थाओं के सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। -**अंशुल जैन**

## छत्तीसगढ़ में दिसम्बर 2024 में होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समेन (दसवी व आठवी) का आयोजन किया जाएगा। सेना द्वारा 22 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र JIA Website (www.joinindianarmy.nic.in) और उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) शहीद वीर नारायण सिंह अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास अथवा टेलीफोन नम्बर 0771-2965212 पर संपर्क किया जा सकता है।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./15591/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 03-11-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 15591**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663F0495A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **N.R. DEVELOPERS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABHISHEK FATNANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VIMLA ASWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARENDRA KUMAR ASWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./15594/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 03-11-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 15594**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663I01735** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **VIJAY KUMAR SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE JALESHWAR SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **TIKESHWAR PRASAD VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. MAHESH KUMAR VERMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./15593/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 03-11-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 15593**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663F00219** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **CHHATTISGARH PROJECT INDIA PVT. LTD.** पिता/पति, श्री/श्रीमती ........... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUMANT NATHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMESH NATHANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./15592/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 03-11-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 15592**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR567K0541A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHANKAR TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. GOPI TIWARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NAJUL PREETI BAI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LAKHAN LAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./15590/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 03-11-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 15590**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663F0495B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **N.R. DEVELOPERS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ABHISHEK FATNANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KUNAL ASWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N.K. ASWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)**
**ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर**
**Email ID - rmczone5@gmail.com**

पत्र क्रं./15595/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2024
रायपुर दिनांक : 03-11-2024

**इश्तिहार**
**नामांतरण प्र.क्र. 15595**
**वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR663F00484** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHEELA BHATTACHARY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. KESHAV BHATTACHARY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ARVIND BHATTACHARYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KESHAV BHATTACHARYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 5**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, रविवार 03 नवंबर 2024



# साथियों के साथ शराब पीने दारू भट्टी गए ठेका कर्मचारियों का शव वीरान कुएं में मिला

**गोपाल सिंह विद्रोही**





सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)- रेलवे विभाग में संविदा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत व्यक्ति का दारू भट्टी के समीप एक वीरान कुएं में तैरते हुए लाश मिली जिसकी सूचना लोगों ने विश्रामपुर पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर लाश को बाहर निकलने का व्यवस्था की तब जाकर शव बाहर निकाल।

इस संबंध में बताया जाता है कि रेलवे विभाग में कार्यरत करंजी निवासी विसेंट आमोस लूकस आ आमोस लूकस रेलवे विभाग में संविदा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था और दीपावली के दिन वह कार्य करने घर से निकला था जो दूसरे दिन घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने गुम इंसान की शिकायत विश्रामपुर थाना में की पुलिस ने खोजबीन प्रारंभ की और संदेह के आधार पर सर्च किया। मदिरा दुकान सतपता के आसपास जाच पड़ताल की तो जानकारी मिली कि मृतक विसेंट शराब भट्टी आया तो था तथा कुछ लोगों से विवाद कर रहा था इस सूचना पर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा ने खोजबीन प्रारंभ की तो पता चला कि शासकीय शराब भट्टी के कुछ ही दूरी पर स्थित अनुपयोगी झाड़ियां से घिरा सुनसान एक कुआं शव दिखा जिस पर सूरजपुर की एसटीएफ टीम को सूचना देकर झगड़ से शव को बाहर निकाला तथा परिजनों को सूचना दी, उधर जांच पड़ताल करने पर पता चला कि मृतक अंबिकापुर निवासी अरविंद लकड़ा के साथ बीती रात शराब पी थी तथा उसी के साथ विवाद भी हुआ था पुलिस इस कड़ी की भी जांच कर रही है। इस मामले में बताया जाता है कि कुआं के समीप घटना दिवस मृतक की स्कूटी नहीं थी तथा पुलिसिया जांच पड़ताल के बाद वहां पर किसी ने स्कूटी को रख दी ।मृतक के परिजनों ने विसेंट की हत्या का करने का आरोप लगा जांच कि मांग की है ।बहरहाल पुलिस ने शव को पंचनामा एवं शवविचेदन विच्छेदन क्रिया के पश्चात परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है, तथा विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा ने बताया कि विभिन्न बिंदुओं की जांच एवं पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है ।मृतक के साथियों की खोज बिन जारी है।

# घर में घुसकर अज्ञात हत्यारा ने युवक की हत्या की पुलिस ने हत्यारा को जल्द चंगुल में लेने की कही बात



**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** जयनगर पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम रविंद्र नगर बांध पारा निवासी गौतम दास पिता गोविंद दास उम्र 45 वर्ष को घर में घुसकर किसी अज्ञात हत्यारा ने निर्माता पूर्वक हत्या कर दी। इस हत्याकांड से ग्राम रवीन्द्रनगर फैल गई जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत गौतम दास आत्मा गोविंद दास उम्र 45 वर्ष ग्राम रविंद्र नगर बांध पारा के विषय में बताया जाता है कि मृतक अर्ध विक्षिप्त था तथा नासा का आदी था वह दीपावली की रात अपने घर में ही था इसी दौरान किसी ने उसकी हत्या कर दी। बताया जाता है कि मृतक की पॉकेट में लगभग 3000 रु भी थे तथा हत्यारे ने लगभग रात्रि 12 बजे हत्या की होगी। बताया जाता है कि मृतक के पास सात एकड़ जमीन थी जो नशा के हालात में बिचौलियों को बेच दिया ।उसकी हत्या का मामला जमीन विवाद भी माना जाता है तो वही बताया जाता है कि मृतक का साथी जो उसके साथ शराब पीते खाते थे उन्हें में से किसी ने हत्या की होगी। मामला जो भी हो जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र सिंह अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। इस संबंध में टी आई एवं जयनगर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि मामला जो भी हो हर बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। संदिग्ध पुलिस के चंगुल में है तथा उसी में से कोई न कोई हत्यारा निकलेगा। पुलिस जल्द इसका खुलासा करेगी। पीएम रिपोर्ट आने के बाद वस्तु स्थिति की सही जानकारी दी जाएगी।

# तालाब के गहरे पानी में डूबने से चचेरे भाई-बहन की मौत, ग्राम में पसरा मातम



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)** सूरजपुर जिला के ग्राम कुरुवा के एक तालाब में प्रात: 5 बच्चे स्नान करने उतरे जिसमें दो सगी भाई-बहन तालाब के गहरे पानी में चले जाने से हमेशा के लिए जल समाधि ले ली जबकि तीन नाबालिक बच्चे तालाब के पानी से किसी तरह से बाहर निकले। इस संबंध में बताया जाता है कि ग्राम के हरिजन मोहल्ला की पांच बच्चे ग्राम तालाब में नहाने गए थे जिसमें 12 वर्षीय सानिया पलिहा एवं 7 वर्षीय पुष्कर पलिया जो चचेरे भाई-बहन हैं गहरे पानी में समा गए जिसकी खबर साथी तीन बच्चों ने अपने परिजनों को बताया परिजनों ने इसकी खबर ग्राम वासियों की बताए सभी तालाब की ओर दौड़े परंतु सानिया एवं पुष्कर कहीं नजर नहीं आए तब जाकर विश्रामपुर पुलिस थाना प्रभारी टी आई अलरिक लकड़ा को दी टी आई मौके पर पहुंचकर इसकी खबर सूरजपुर नगर सेना के गोताखोरों को दी। गोता खोरों के माध्यम से तालाब से सानिया पलिहा एवं पुष्कर पलिहा को बाहर निकाल तथा पीएम रिपोर्ट के बाद परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दी। इस घटना से ग्राम कुरुवा में कोहराम मचा हुआ है उधर इस घटना की जानकारी मिलने पर प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी मृतक के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी तथा हर संभव मदद करने की आश्वासन दिया।

# खराब सड़क व धूल के गुबार की वजह से दुर्घटना में युवक की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शुक्रवार की रात कोरबा चाम्पा नेशनल हाइवे में बरपाली बस स्टैंड से कुछ दूरी पर खराब सड़क और धूल के गुबार की वजह से बरपाली निवासी पुरुषोत्तम कैवर्त की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। रात में अज्ञात वाहन द्वारा युवक को ठोकर मार दी गई जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुरुषोत्तम कैवर्त बरपाली निवासी रमेश कैवर्त का पुत्र था जिसकी उम्र लगभग 26 वर्ष थी। हमारे समाचार सहयोगी ने बताया कि नेशनल हाईवे 149 बी के निर्माण की जिम्मेदारी गावर कंस्ट्रक्शन को दी गई है और यह कंपनी निर्माण कार्य में अपने भर्राशाही रवैए के लिए जानी जाती है। इस कंपनी के ठेकेदारों द्वारा हाइवे निर्माण के नियमों को दरकिनार रखते हुए मनमाने तरीके से निर्माण कार्य किया जा रहा है। डाइवर्ट सड़क और सर्विस रोड को डामरीकरण नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से दिन रात धूल का गुब्बार उड़ते रहता है। सड़क पर पानी का छिड़काव भी इस ढंग से किया जाता है कि आधे घंटे में फिर वही हाल हो जाता है। आलम यह है कि रात तो रात दिन में सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है सामने से आने वाली गाड़ियां एकदम नजदीक आने पर दिखाई देती है। जिसकी वजह से आये दिन दुर्घटना हो रही है। कल रात जिस जगह पर दुर्घटना हुई है उसके 100 मीटर के क्षेत्र में पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है जिसमें पहले भी चार पांच लोगों की जान जा चुकी है। लगातार दुर्घटना की खबर आने के बाद भी एन एच आई के अधिकारी और प्रशासन का रवैया सुस्त है। अभी भी नेशनल हाईवे बनने में कई माह का समय और लगना है तब तक न जाने कितने निर्दोषों की और बलि चढ़नी है। कल के दुर्घटना के बाद लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। अगर जनता सड़क पर उतर गई तो एन एच के अधिकारी और प्रशासन की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

# एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर लगातार कर रहे थाना-चौकी का आकस्मिक निरीक्षण

## आम नागरिकों से क्षेत्र की पुलिसिंग का लिया फिडबेक



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-थाना-चौकी क्षेत्र की पुलिसिंग, कार्यवाही में पारदर्शिता एवं बल की सजगता के आंकलन करने के साथ ही थाना-चौकी की कार्यप्रणाली को परखने, आमजनता के समस्याओं का त्वरित निराकरण कराने एवं क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का जायजा लेने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर रविवार, 3 नवम्बर 2024 को थाना प्रेमनगर, चौकी तारा एवं उमेश्वरपुर पहुंचे तथा किए जा रहे पुलिसिंग के बारे में ग्रामीणों से फिडबेक लिए। एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने सर्वप्रथम इन थाना-चौकी भवन जायजा लिया और क्षेत्र में किए जा रहे पुलिसिंग के वाकिफ हुए। उन्होंने प्रभारियों को कहा कि पुलिस की प्रत्येक कार्यवाही निष्पक्षता से हो ताकि आमजनता का पुलिस से संबंध मधुर हो और नागरिकगण पुलिस की प्रत्येक कार्यवाही में सहयोग करें। आगामी दिनों में धान की कटाई को लेकर वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए इसका विशेष ध्यान देने, जन सामान्य की शिकायतों को पूर्णत: गंभीरता से सुने एवं त्वरित कार्यवाही करने, विवाद की स्थिति पर प्रतिबंधक कार्यवाही एवं बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही सुनिश्चित करने, आपराधिक मामले में फरार चल रहे आरोपियों की हरसंभव पतासाजी कर जल्द पकड़ने के कड़े निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा विजिट के दौरान थाना-चौकी के विभिन्न रजिस्टर, डॉक्यूमेंट, तख्तियों, गोशवारा, जप्ती माल, शासकीय संपत्ति का रखरखाव, अधिकारी व जवानों का टर्न आउट, थाना और परिसर के साफ सफाई, अधिकारियों कर्मचारियों के कार्यालयीन कार्य दक्षता, क्षेत्र की समझ और विवेचना सम्बन्धी ज्ञान का अवलोकन किये। इस दौरान उन्होंने थाने के अधिकारियों, कर्मचारियों, जवानों को पुलिस की गरिमा के अनुरूप कार्य करने एवं समयबद्ध रूप से अनुशासित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने व अपराध, शिकायत, मर्ग का शीघ्र निकाल करने एवं अपराधियों, गुंडा, बदमाश, उपद्रवियों और असमाजिक तत्वों पर अपराध पंजीबद्ध एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने निर्देशित किये।

**एसएसपी ने आम नागरिकों से क्षेत्र की पुलिसिंग का लिया फिडबेक-**

एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर भ्रमण के दौरान आम नागरिकों से मुखातिब होते हुए उन्होंने थाना-चौकी के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की। जिस पर विभिन्न ग्रामों के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पुलिस की कार्यवाही अच्छी है और शहर-गांव में पुलिस की और पेट्रोलिंग बढ़ाने की आवश्यकता है जिस पर उन्होंने जल्द पेट्रोलिंग बढ़ाये जाने की बात कही।

# अंधे कत्ल की गुत्थी को जयनगर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया पर्दाफाश

## जुआ खेलने हेतु पैसों की मांग विवाद का बना कारण अपने जीजा की कर दे हत्या

**गोपाल सिंह विद्रोही**



सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार) जानकारी के अनुसार बीते एक नवंबर को प्रार्थी संजीत सोम जयनगर पुलिस थाना में रिपोर्ट कराया कि इसके बुआ का लड़का गौतम दास पिता गोविन्द दास उम्र करीब 40 वर्ष निवास्री ग्राम रविन्द्रर का जिसकी दिमागी हालत ठीकनहीं है तथा अपने घर में अकेला रहता था 31 अक्टूबर को दरमियानी रात किसी अज्ञात लोगों ने कर दिया है । सूचना पर थान जयनगर में मार्ग कायम कर जांच पंचनामा करा कर पुलिस जांच में जुट गई घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड बुलाकर ट्रैकिग कराया गया जो प्रकरण में शव पंचनामा कार्यपदको सीएचसी विश्रामपुर भेजकर पोस्टमार्टम कराया पीएम रिपोर्ट प्राप्त पर डॉक्टर द्वारा हत्या प्रकृति कि मृत्यू होता लेख करने पर तथा प्रकरण की जांच उपलब्ध्य के आधार पर संदेही मुकेश राजवंशी के द्वारा अपराध कारित करना का संदेह होने से अपराध कि धारा 103(1) 230 हस्र अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना प्रारंभ की।

आरोपी मुकेश आ निखिल राजवंशी 36 वर्ष निवासी ग्राम रविन्द्रनगर से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया की 31 अक्टूबर को दीपावली के दरम्यानी रात जुआ खेलने से पैसा हार जाने के बाद और जुआ खेलने हेतु रु की आवश्यकता पड़ी तो अपने रिश्ते का जीजा गौतम दास के घर रात्रि में जाकर जुआ खेलने हेतु पैसा की मांग कि गौतम दास के द्वारा पैसा देने से मना करने पर झगड़ा विवाद करने पर उसके घर में ही रखी लोहे कि टांगी एवं वाइपर से उसके सीर पर प्रहार कर दी तथा उसके पोटली में करीब 1500 रुपए को लेकर भाग गया । आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी एवं पैसा को बरामद कर जप्त पुलिस ने की है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया ।

इस अंधे कत्ल की गुत्थी 24 घंटे के भीतर सुलझाने में निरीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी जयनगर ,उनि सोहन सिंह, सहायक निरीक्षक प्रवीण राठौर, सहायक उप निरीक्षक रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक राजेंद्र एक्का, संतोषी वर्मा ,विकास कुमार मिश्रा , दिलपाल कसेरा,नीरज सिंह ,जयदेव भारती, नीरज झा, रवि राजवाडे, महिला आरक्षक चंदा सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

# नवोदित साहित्यकार सत्येंद्र के कविता संग्रह अंतर्मन को छूती कविताएं का हुआ विमोचन





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- राज्य स्थापना दिवस के पावन बेला पर ग्राम बैजनाथपुर ब विकासखंड भैयाथान जिला सूरजपुर के एक ग्रामीण परिवेश में जन्मे सत्येंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा रचित कविता संग्रह अंतर्मन को छूती कविताएं का विमोचन संघ कार्यालय सेवाकुंज सूरजपुर में प्रांत संपर्क टोली के सदस्य संजय भारत , विभाग प्रचारक कोरिया विभाग नाथ योगी ,जिला संघ चालक दुर्गाचरण सिंह , जिला सह संघ चालक सत्यम गर्ग जी , विभाग कार्यवाह अमरदीप देवांगन , विभाग प्रचार प्रमुख दिनेश सिंह , जिला कार्यवाह अनिश गुप्ता , जिला सह कार्यवाह विजय शर्मा , बी जे पी के जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल , राजेश महलवाला , शशिकांत गर्ग के कर कमलो द्वारा संपन्न हुआ। कवि सत्येंद्र गुप्ता जी वर्तमान में शा. क. उ. मा विद्यालय भटगाँव सूरजपुर में भौतिक विज्ञान के व्याख्याता पद पर पदस्थ हैं। विपरीत परिस्थितियों से कठिन संघर्ष करते हुए इस मुकाम तक पहुँचने वाले सत्येंद्र का इस उपलब्धि की दास्तान सचमुच समाज में प्रेरणादायक है। उक्त कार्यक्रम में सूरजपुर नगर के माननीय नगर संघचालक शंकर अग्रवाल , विभाग सह मिलन मंडली प्रमुख लक्ष्मी साहू जी, नगर/खंड/ कार्यवाह/ प्रचारक अंकुर तिवारी जी, त्रिभुवन राजवाड़े जी, बलदाऊ जी, विनोद वैष्णव जी , संतोष गुप्ता जी एवं जिले के अन्य गणमान्य बंधु उपस्थिति रहे।

# बोर के पानी में मिलाया जहर, पत्नी व पड़ोसन बीमार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** दैनिक उपयोग के लिए कराए गए बोर का पानी पीने के बाद पत्नी और पड़ोसन की तबीयत बिगड़ गई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घर मालिक की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर इस बात का पता लगाया जा रहा है कि आखिर बोर के पानी में जहरीला पदार्थ किसके द्वारा, कब और क्यों मिलाया गया था? मामला कोरबा जिले के पसान थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी विजय कुमार साहू पिता स्व. हीरालाल ग्राम पीपरकुण्डा पाली चैकी कोरबी थाना पसान का निवासी है। 26 अक्टूबर 2024 की रात में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके घर के बाड़ी में लगे बोर में जहरीला पदार्थ डाल दिया गया था, जिससे सुबह पानी भरे, खाना बनाने एवं पानी पीने के लिए परिजन उपयोग किए। इस पानी को पीने के बाद पत्नि रोशनी साहू एवं पड़ोसी फूलमती पति नानसाय धनुहार दोनों को चक्कर आने लगा, सिर भारी लगने लगा। तेजी से तबियत बिगड़ने लगा तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र खड़गवां एडमिट करा दिये। बोर के पानी से कीटनाशक जैसी जहरीली बदबू आ रही है। संदेह के रूप में प्रार्थी ने पुलिस को बताया है कि आज से 5 वर्ष पहले प्राणघातक हमला का राजू राम एवं उनके साथी निवासी ग्राम धनपुर के द्वारा कोशिश किया गया एवं घटना के दौरान प्रार्थी का मोबाईल भी तोड़ दिये थे जिसका समझौता ग्राम पंचायत धनपुर के सरपंच शिवकुमार के द्वारा किया गया था। उक्त विवादी पार्टी अभी फिर सप्ताह भर पहले 20.10.2024 को जान से मारने की धमकी दिया एवं हाथापाई करने की कोशिश किया गया। इनसे प्रार्थी को भविष्य में किसी प्रकार का जनहानि एवं संपत्ति का घटना होने का भय है। फिलहाल पसान पुलिस ने प्रार्थी विजय कुमार साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 118(1)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# काफी प्वाइंट में बढ़ी चहल पहल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले का कॉफी प्वाइंट ठंड के मौसम में एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। यह न केवल एक पर्यटन स्थल है, बल्कि एक ऐसा स्थान है जहां लोग प्रकृति के बीच सुकून और आनंद का अनुभव कर सकते हैं। जैसे-जैसे ठंड का मौसम दस्तक दे रहा है, औद्योगिक नगरी कोरबा का प्रसिद्ध कॉफी प्वाइंट पर्यटकों से गुलजार होने लगा है। यह स्थान न केवल कॉफी प्रेमियों के लिए एक पसंदीदा स्थल है, बल्कि उन सभी के लिए भी एक आदर्श जगह है जो ठंड में पहाड़ों और जंगलों की खूबसूरती का आनंद लेना चाहते हैं। प्रदूषण से ग्रस्त शहर के बीच यह स्थान सुकून भरे पल बिताने के लिए एक अनोखी जगह बन गया है। बालको की पहाड़ी पर स्थित यह कॉफी प्वाइंट किसी हिल स्टेशन से कम नहीं है। यहां की ठंडी हवा, हरे-भरे पेड़ और सुंदर नजारे पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। खासकर बारिश के बाद ठंड के मौसम में, जब पहाड़ों और जंगलों में कोहरा छा जाता है, तो घाटियों का दृश्य और भी मनोरम हो जाता है।



# संपादकीय

## भारत सरकार का कड़ा इम्तहान.....

अब सवाल है कि क्या भारत सरकार भारत की दोनों सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनियों को नाराज कर ऐसा फैसला करेगी, जो स्टारलिंक चाहती है? या वो रुख बदल कर मस्क, और प्रकारांतर में अमेरिका की नाराजगी मोल लेगी? कंपनियों को सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम कैसे दिया जाए, इस मुद्दे पर भारत सरकार का कड़ा इम्तहान है। वजह यह कि विदेशी और देशी कंपनियां आमने-सामने खड़ी हो गई हैं। फिलहाल भारत सरकार का रुख दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के हक में झुका लगता है। इस रुख का समर्थन अमेजन कंपनी भी कर रही है। मगर इस रुख के खिलाफ भारत में दूरसंचार क्षेत्र की दो सबसे बड़ी कंपनियों रिलायंस जियो और भारती एयरएटल ने मोर्चाबंदी कर ली है। पहले एयरटेल का रुख भी यह था कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम का भारत सरकार प्रशासनिक आवंटन करे। लेकिन इस हफ्ते अचानक रुख बदलते हुए उसने रिलायंस जियो की इस मांग का समर्थन कर दिया कि इस स्पेक्ट्रम की नीलामी होनी चाहिए। मस्क भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा शुरू करने की तैयारी में हैं। इस क्षेत्र में उनका मुकाबला भारतीय अरबपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो और अब भारती एयरटेल के मालिक सुनील मित्तल से भी है। नरेंद्र मोदी सरकार के बारे में गहरी धारणा है कि उसकी नीतियों को तय करने में अंबानी समूह की मर्जी महत्त्वपूर्ण होती है। लेकिन इस मामले में अब तक उसका रुख इस समूह की इच्छा के खिलाफ है। यहां तक कि रिलायंस ने प्रशासनिक आवंटन होने की स्थिति में कोर्ट में जाने का इरादा जता रखा है। इसके बावजूद दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस हफ्ते कहा कि स्पेक्ट्रम को भारतीय कानूनों के मुताबिक प्रशासकीय रूप से आवंटित किया जाएगा और इसकी कीमत टेलीकॉम नियामक तय करेगा। उनके इस बयान का इलॉन मस्क ने सार्वजनिक रूप से स्वागत किया है। अब सवाल है कि क्या भारत सरकार भारत की दोनों सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनियों को नाराज कर ऐसा फैसला करेगी, जो स्टारलिंक चाहती है? या वो रुख बदल कर मस्क की नाराजगी मोल लेगी? मस्क इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप के प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं।

# आलेख

## भारत के टीकाकरण कार्यक्रम को अत्याधुनिक डिजिटल बढ़ावा

जगत प्रकाश नड्डा

बीमारियों को रोकने में टीकों की भूमिका वर्ष 1796 से ही अहम साबित होती आ रही है, जब जानलेवा बीमारी चेचक के विरुद्ध पहला टीकाकरण किया गया था। पिछले 50 सालों में ही टीकों से वैश्विक स्तर पर 15 करोड़ से अधिक लोगों की जानें बचाई गई हैं, जो प्रत्येक वर्ष प्रति मिनट 6 लोगों की जान बचाने के बराबर है। जीवन रक्षा भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) का एक प्रमुख अभियान है। प्रत्येक वर्ष 2.6 करोड़ से ज्यादा नवजात शिशुओं को यूआईपी के तहत खसरा, डिप्थीरिया, पोलियो आदि 12 रोकथाम योग्य बीमारियों के विरुद्ध टीके लगाए जाते हैं। ये रोग जीवन के लिए ख़तरा हो सकते हैं या बच्चे के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। यद्यपि, यह कार्यक्रम वर्ष 1985 में शुरू हुआ था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में इसका अधिक तेजी से विस्तार हुआ है। भारत सरकार के मिशन इंद्रधनुष जैसे सघन अभियानों के परिणामस्वरूप टीकाकरण कवरेज 90त्न से अधिक तक बढ़ गई है। तथापि, 100त्न टीकाकरण कवरेज हासिल करने के मार्ग में अनेक चुनौतियाँ बनी हुई हैं। कुछ क्षेत्रों और समुदायों में टीकाकरण के प्रति हिचकिचाहट से लेकर पलायन के कारण बीच में ही टीकाकरण छोड़ देने जैसे कई ऐसे कारण हैं जिनसे कुछ बच्चों का टीकाकरण आंशिक रूप से ही हो पाता है या बिल्कुल नहीं हो पाता। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत सरकार ने बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और हर बच्चे और गर्भवती महिला का टीकाकरण करने के मिशन के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता जताई है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने टीकाकरण कवरेज का अधिकतम विस्तार करने के लिए यू-विन (यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम-विन) नामक एक तकनीकी समाधान की परिकल्पना की है। यू-विन एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जो पूरे भारत में सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की स्थिति को इलेक्ट्रॉनिक रूप से पंजीकृत और मॉनिटर करता है। यू-विन अनिवार्य रूप से एक नाम-आधारित रजिस्ट्री है, जो कहीं भी, कभी भी टीकाकरण की सुविधा प्रदान करती है। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किए गए इस प्लेटफ़ॉर्म पर टीकाकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए इसमें कई विशेषताएं मौजूद हैं। गर्भवती महिलाएँ यू-विन ऐप या पोर्टल के ज़रिए खुद को पंजीकृत कर सकती हैं या पंजीकरण के लिए निकटतम टीकाकरण केंद्र में जा सकती हैं। एक बार पंजीकृत होने के बाद स्वास्थ्य परिचर गर्भवती महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण टीकाकरण को ट्रैक कर सकते हैं, प्रसव के परिणामों को रिकॉर्ड कर सकते हैं, नवजात शिशु को पंजीकृत कर सकते हैं जिससे कि उनका भी टीकाकरण कार्यक्रम आरंभ किया जा सके। इस टीकाकरण-कार्यक्रम को कार्यक्रम प्रबंधक तब तक ट्रैक कर सकते हैं, जब तक कि बच्चा 16 वर्ष का न हो जाए। यू-विन से माता-पिता और अभिभावकों को काफी सुविधाएं मिलती हैं, जिनसे वे देश में कहीं भी टीकाकरण सेवाओं तक पहुँच सकते हैं और सिर्फ़ एक बटन क्लिक करके अपने बच्चों को सुरक्षित कर सकते हैं। इस प्लेटफ़ॉर्म पर अपॉइंटमेंट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है, जो प्रवासी कामगारों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। यू-विन 11 भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे प्लेटफ़ॉर्म की पहुँच और अधिक व्यापक हो गई है। रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण इसकी एक अन्य प्रमुख विशेषता है। हर बार जब कोई सत्यापित लाभार्थी टीका लगवाता है, तो तत्समय डिजिटल टीकाकरण का रिकॉर्ड बन जाता है। लाभार्थियों को एक डिजिटल पावती और एक क्यूआर-आधारित प्रमाण-पत्र भी मिलता है, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है और चलते-फिरते सत्यापन के लिए मोबाइल डिवाइस पर संग्रहित किया जा सकता है, जो विशेष रूप से स्कूल में प्रवेश और यात्रा के लिए उपयोगी होता है। इसके अलावा, प्लेटफ़ॉर्म आगामी टीकाकरण की खुराकों के लिए एसएमएस द्वारा सूचना और अनुस्मारक भेजता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि अभिभावक और स्वास्थ्य परिचर्याकर्मी खुराकों के बीच निर्धारित न्यूनतम अंतराल का पालन करें।

# 25 वें वर्ष को छूता छत्तीसगढ़:कला-साहित्य जगत में बढ़ता छत्तीसगढ़







सात राज्यों से घिरा छत्तीसगढ़ राज्य जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदाओं सहित विविध कलाओं से समृद्ध राज्य है। राज्य बनने के पूर्व यहां की सांस्कृतिक गतिविधियां, धरोहर,उपेक्षित थे।यहां के कलाकारों को छोटी मोटी प्रस्तुतियों के लिए भोपाल मध्यप्रदेश का मुंह ताकना पड़ता था, किंतु राज्य गठनोपरांत छत्तीसगढ़ को हरेक दृष्टि से पृथक पहचान मिली ।

किसी भी राज्य की पहचान वहां की कला, संस्कृति, साहित्य ही होती है।इसे चरितार्थ करते हुए छत्तीसगढ़ के खान-पान, पहनावा, रीति रिवाज और पर्यटन स्थल को भारत के मानचित्र पर और विदेशों में तेजी से प्रचारित- प्रसारित- स्थापित होने का अभूतपूर्व अवसर पच्चीसवें वर्ष को छूते छत्तीसगढ़ को मिला ।

राज्य बनने के बाद ही पद्मश्री तीजन बाई को पद्मविभूषण से तथा बड़ी संख्या में साहित्यकार, पुरातत्वविद,एवं कलाकारों को पद्मश्री से अलंकृत होने का गौरव प्राप्त हुआ। नवोदित छत्तीसगढ़ के ऐसे रत्नों में पद्मश्री शेखर सेन, श्यामलाल चतुर्वेदी, जॉन मार्टिन नेल्सन, पुनाराम निषाद, गोविंद राम निर्मलकर, सत्यदेव दुबे, जी सी डी भारती बंधु, मदन सिंह चौहान, डॉ सुरेंद्र दुबे, ममता चंद्राकर, उषा बारले, अजय कुमार मंडावी, डॉ राधेश्याम बारले, डोमन सिंह कुवंर, अरुण शर्मा,अनूप रंजन पांडे,अनुज शर्मा, पं. रामलाल बरेठ शामिल हैं। पच्चीसवें पायदान पर पग धरते छत्तीसगढ़ की कला- संस्कृति- साहित्य- सिनेमा जगत की दशा दिशा पर परिचर्चा में शामिल विद्वजनों ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी।

### उम्रदराज कलाकारों की सुध ले सरकार- रमा दत्त जोशी

सास गारी देवय ननद चुटकी लेवय ससुरार गोंदा फूल गाने की लोकप्रिय गायिका रेखा -रमा-प्रभा दत्त जोशी बहिनों के नाम से ख्याति प्राप्त वरिष्ठ लोकगायिकाओं से रमा जोशी कहती हैं -हर्ष की बात है कि राज्य गठनोपरांत राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ में होने लगा है। यहां के कलाकार आए दिन राज्य के बाहर पंथी, पंडवानी, भरथरी, सुआ, करमा, ददरिया, रिलो जैसे लोक नृत्यों का प्रदर्शन करके छत्तीसगढ़ की धरा को गौरवान्वित कर रहे हैं। नवोदित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विशिष्ट जनों को राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष राज्योत्सव पर पुरस्कृत करने की गौरवशाली परंपरा भी आरंभ हुई है। पुरस्कार प्रक्रिया में पक्षपात का आरोप न लगे इस हेतु पुरस्कार की पात्रता, नियमों और शर्तों में और अत्यधिक स्पष्टता- पारदर्शिता लाने की आवश्यकता है। पुरस्कार हेतु उम्रदराज हो चले सुपात्रों को प्राथमिकता देने के अलावा आर्थिक मदद, स्वास्थ्य संबंधी सेवा सुविधाओं में वृद्धि की भी आवश्यकता है। विश्व धरोहर 'नाचा' कलाकारों की अद्भुत कला से नव पीढ़ी अवगत हो इसके लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होना चाहिए। लोकगीतों में नयापन के नाम पर भौंडापन घातक है। ऐसे प्रयोगों से संस्कृति में विकृति आ रही है।

### छत्तीसगढ़ी फिल्मों को मिले शासकीय अनुदान-नीतिश लहरी

छत्तीसगढ़ी फिल्मों के लेखक एवं निर्देशक नीतीश लहरी कहते हैं कि-राज्य गठनोपरांत छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण की दिशा में उत्साहजनक प्रगति हुई है।छत्तीसगढ़ी सिनेमा को छालीवुड के नाम से प्रसिद्धि मिली है। वर्ष 1965 में बनी मनु नायक की पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म 'कहि देबे संदेश' से आरंभ हुई फिल्मी यात्रा के अधखुले द्वार को पूरी तरह से खुलने का अवसर छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद मिला है। छत्तीसगढ़ी फिल्मों का प्रदर्शन राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में हुआ और मनोज वर्मा निर्देशित फिल्म 'भूलन कांदा' को पुरस्कृत होने का गौरव भी मिला। वर्तमान में सर्वाधिक सफल फिल्म बनाने का कीर्तिमान श्री सतीश जैन के नाम है, जिन्होंने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माण के पथ को सुगम बनाया। छत्तीसगढ़ी फिल्मों के निर्माण में अत्याधुनिक कैमरे,लाइट और विविध प्रभावशाली इफैक्ट्स को इस्तेमाल करने की पहल हुई है।अच्छी बात है कि राज्य शासन की ओर से छत्तीसगढ़ी फिल्मों के प्रोत्साहन हेतु राज्य अलंकरण देने की शुरूआत हुई है ,किन्तु अब तक छत्तीसगढ़ी फिल्म विकास निगम , छत्तीसगढ़ी फिल्म सिटी का गठन नहीं हो पाना, फिल्मों को सब्सिडी नहीं देना छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत के लिए गतिरोधक सदृश्य है।दूरस्थ अंचलों में मिनी थियेटर की स्थापना, शूटिंग हेतु प्रशासनिक तौर पर सहजता से सहमति सुरक्षा तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

### मातृभाषा के रूप में दर्ज हो छत्तीसगढ़ी भाषा- नंदकिशोर शुक्ल

चौरासी वर्षीय वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर शुक्ल अपने विशिष्ट पहनावे के साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा को मातृभाषा का दर्जा दिलाने के लिए तन-मन-धन से संघर्षरत है।वे कहते है- छत्तीसगढ़ के पैंसठ प्रतिशत रहवासियों की भाषा छत्तीसगढ़ी है,अत: स्वाभाविक रूप से छत्तीसगढ़ की पहली भाषा छत्तीसगढ़ी ही होना चाहिए।यूनेस्को का भी कहना है कि स्थानीय बोली भाषा की उपेक्षा हरगिज नहीं होना चाहिए।आगे वे कहते हैं कि प्राथमिक स्तर की शिक्षा शत-प्रतिशत छत्तीसगढ़ी में हो तथा बाकी उच्च स्तर पर एक अनिवार्य विषय के रूप में हो ,किन्तु जनप्रतिनिधियों की उदासीनता,नौकरशाहों की नीति और जनमन में दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव ने छत्तीसगढ़ी भाषा को दोयम दर्जे की भाषा बना कर रख दिया है।

भाषा के प्रचार प्रसार और समृद्धि हेतु छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग का गठन किया गया है,किन्तु अब तक स्वतंत्र अधिकार, नीति-निर्धारण,साधन सम्पन्न आयोग का दर्जा नहीं मिला है। कामकाज राज-काज छत्तीसगढ़ी भाषा में करने हेतु सरल मार्गदर्शिका बनाई जा चुकी है।वह भी धूल खाते पड़ी है। हर्ष की बात है नई पीढ़ी के बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ को बेहतर सम्मान दे रहे हैं। रामचंद्र देशमुख जी की तरह यहां के कलाकार भी छत्तीसगढ़ी क्रांति जगाने पुरजोर कदम उठाएं।

### आदिमजाति संस्कृति का संरक्षण हो सर्वोच्च प्राथमिकता -रिखी क्षत्रिय

छत्तीसगढ़ के लोकवाद्यों के संरक्षक,मशहूर लोक नर्तक, अनेक बार दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह में शिरकत कर चुके रिखी क्षत्रिय कहते हैं कि-

राज्य गठनोपरांत दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड में छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक,धार्मिक, पुरातत्व स्थलों की चलित झांकियों को अब तक सत्रह बार प्रदर्शन करने का अवसर मिल चुका है। इससे विदेशियों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से रू-ब-रू होने के साथ ही छत्तीसगढ़ की भित्ति चित्र, कास्ट धातु,टेराकोटा बेल मेटल शिल्प को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि मिली।

छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है ।इस दृष्टि से इनकी कला संस्कृति की समृद्धि संरक्षण हेतु विशेष प्रयास जरूरी है। हर्ष की बात है कि छत्तीसगढ़ और देश के अन्य राज्यों के आदिमजाति समुदाय के लोकनृत्यों सहित वर्ष 2019 में पहला 2021 में दूसरा और 2023 में तीसरा विश्व आदिवासी दिवस नृत्य समारोह का आयोजन किया गया। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज के मैदान पर आयोजित समारोह में मंगोलिया, इंडोनेशिया, युगांडा, फिलिस्तीन, श्रीलंका, उज़्बेकिस्तान, नाइजीरिया आदि देशों के आदिमजाति समुदाय के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इस समारोह से

आदिम जनजातियों की जीवन शैली,पर्वों, परम्पराओं,नृत्यों, वाद्यों को राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय मंच मिला। यद्यपि इस दौरान इस बात का दुखद पहलू भी नज़र आया कि देश-विदेश के जनजातीय समुदाय की नृत्य शैली- पहनावा में शहरी संस्कृति का घुसपैठ हो रहा है। यह चिंताजनक विषय है। इसे देखते हुए विविध जनजाति समुदाय के जीवन स्तर में सुधार के साथ ही पारंपरिक रीति रिवाज को संरक्षित रखने गंभीरता से कार्य होना आवश्यक है।

परिचर्चा के सभी प्रतिभागियों के विचारों से यह बात छनकर बाहर आती है कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में राजनीतिक स्थिरता बनी हुई है। इसका प्रत्यक्ष लाभ लेते हुए यहां की भाषा,कला,संस्कृति, सभ्यता,साहित्य और पुरातत्व के संरक्षण हेतु जनप्रतिनिधियों को ईमानदारी से आगे आना ही चाहिए। राज्य गठनोपरांत छत्तीसगढ़ के पर्वों पर अवकाश देने की पहल हुई है जो की राज्य की लुप्त होती परंपराओं पकवानों और विविध खेलों के संरक्षण की दृष्टि से बहुपयोगी कहा जा सकता है। छत्तीसगढ़ के पर्व हरेली, छेरछेरा, तीजा,भक्त माता कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी पर घोषित अवकाश ने नई पीढ़ी को पर्यावरण, परम्परा और संस्कारों से जुड़ने का व्यापक अवसर दिया है।यह सराहनीय है क्योंकि- जिस गांव में पानी नहीं गिरता, वहां की फसलें खराब हो जाती हैं,और जहां साहित्य- संस्कृति का मान नहीं होता, वहां की नस्लें खराब हो जाती है।

विजय मिश्रा 'अमित'
लोक-हिंदी नाट्य निर्देशक
अग्रोहा कालोनी, पोआ- सुंदरनगर रायपुर ( छग) 492013 मो9893123310

# ब्रिक्स में मोदी के रूख अंहम और विचारणीय

हरिशंकर व्यास

लाख टके का सवाल है कि भारत का रूपया चीन की युआन, रूस के रूबल करेंसी के लेन-देन में सुरक्षित है या डालर की व्यवस्था में? आजादी के बाद विश्व व्यापार में भारत का डालर में लेन-देन क्या भरोसेमंद या सुरक्षित था या नहीं? और यदि सुरक्षित था तो वह क्यों चीन-रूस की युआन-रूबल की नई विश्व लेन-देन व्यवस्था का ग्राहक या साझेदार बने? क्या चीनी वर्चस्वता की व्यवस्था में भारत की व्यापारिक-आर्थिक संप्रभुता को अधिक गांरटी होगी? यह सवाल कजाक की ब्रिक्स बैठक में पुतिन, शी जिन पिंग के एजेंडे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूख में अंहम और विचारणीय है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने मिसाल दी कि रूस और चीन अब अपना 95 प्रतिशत व्यापार रूबल और युआन में कर रहे है। उन्हे अमेरिकी डालर केंद्रीत अंतरराष्ट्रीय लेन देन व्यवस्था, स्विफ्ट की जरूरत नहीं है। सवाल है पुतिन को ऐसी लॉबिग करने की जरूरत क्यों है? इसलिए क्योंकि यूक्रेन की लड़ाई के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर पाबंदियां लगाई है। वही चीन अपने आर्थिक साम्राज्य, भविष्य की सभ्यतागत धुरी के उद्देश्यों में, दुनिया के स्थाई नबर एक औद्योगिक कारखाने, व्यापार की नंबर एक हैसियत में स्वभाविक तौर पर सालों से चाह रहा है कि वैश्विक लेनदेन में डालर की जगह उसकी युआन करेंसी का उपयोग हो। कजाक की ब्रिक्स बैठक का यह प्रमुख उद्देश्य था। लेकिन गनीमत है जो भारत और ब्राजिल चीन के असली मकसद (वर्चस्वता) को लेकर सर्तक है। चीन ने पहले इंफ्रास्ट्रक्चर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव ( बीआरआई) और अब ब्रिक्स के नाम पर नई वैश्विक वित्तिय व्यवस्था का तानाबाना बनाया है। भारत उससे बचता, दूर रहता दिख रहा है। और यह सही है। कोई हर्ज नहीं है जो दो देश अपनी-अपनी करेंसी में एक-दूसरे याकि द्विपक्षीय आधार पर व्यापार करें। रूस और भारत में दशकों रूबल और रूपए में लेनदेन रहा है। अभी भी है। लेकिन भारत कैसे चीनी करेंसी युआन की प्राथमिकता में अपना लेनदेन बना सकता है? रूस, चीन, पाकिस्तान जैसे मवाली देशों की करेंसियों के एक्सचेंज में रूपए को क्यों बांधे? पहली बात इन करेंसियों में वैश्विक पैमाने की संपदा और लेनदेन नहीं है। दूसरे रूस और चीन जब व्यवहार में मवालीपना, देशों की एकता-अखंडता में हमलावर, वर्चस्ववादी, आंतकवाद के पोषक तथा हवाला लेन-देन वाले है तो इनकी टोकरी में अपने रूपए को रख भारत कितनी जोखिम मोल लिए हुए होगा? चीन और रूस नियंत्रित किसी भी सिस्टम में पारदर्शिता क्या हो सकती है, इसे समझना मुश्किल नहीं है। हकीकत है कि एक योरोपीय देश बेल्जियम से संचालित अंतरराष्ट्रीय पेमेंट सिस्टम की पारदर्शिता पर कभी ऊंगली नहीं उठी। इसकी करेंसी डालर है। इसलिए आंतकवाद, रूस-चीन-पाकिस्तान जैसे मवाली देशों के दो नंबरी या आंतकवादी फंडिग की लेन-देन का पता लग जाता है। कल्पना करें, इसकी जगह मास्को या बीजिंग में युआन करेंसी के अंतरराष्ट्रीय पेमेंट सिस्टम में काम हुआ तो उससे भारत क्या आंतकी फंडिग का सही ब्यौरा पा सकेगा? यह एक्सचेंज रूपए की रेट में उतार-चढ़ाव में लगड़ी मारते हुए क्या नहीं होगा? अन्य शब्दों में नए अंतरराष्ट्रीय पेमेंट सिस्टम में भारत के लिए सुरक्षा, भरोसे, पारदर्शिता की क्या गारंटी है? सही है मौजूदा स्विफ्ट व्यवस्था में डालर के कारण अमेरिका का रूतबा है। अमेरिका और पश्चीमी देश हमलावर रूस पर पाबंदी लगाते है या आंतकवादी संगठनों के खिलाफ जंग का ऐलान करते है तो रूस और आंतकी संगठनों की सचमुच कमर टूटती है लेकिन उससे भारत को नुकसान है या लाभ?


# पत्रकार आरिफ नकवी का बर्लिन में निधन

के. विक्रम राव ID(Twitter ): @kvikramraov

लखनऊ के मशहूर व्यक्तित्व पत्रकार जनाब आरिफनकवी नहीं रहे । वे 90 वर्ष के थे । उनकी



पुस्तक बुझते जलते दीप हाल ही में प्रकाशित हुई थी । हम लोग समकालीन छात्र थे ।आरिफ भाई न्यायमूर्ति हैदर अब्बास रजा साथी थे, लखनऊ विश्वविद्यालय में । वे दोनों कम्युनिस्ट पार्टी के स्टूडेंट फेडरेशन के अगुवा थे । मैं समाजवादी युवक सभा का सचिव था । आरिफ भाई का जन्म लखनऊ के चौक में एक उच्च शिक्षा परिवार में हुआ था । उनके रिश्तेदार थे ढाका के नवाब । आरिफभाई कई पदों पर रहें : अध्यक्ष : पासबाने उर्दू 1956-58, सचिव : प्रोग्रेसिव राइटर्स एसोसिएशन, लखनऊ 1958-59, महासचिव : उत्तर प्रदेश स्टूडेंट फेडरेशन 1957-59, सह. संपादक : साप्ताहिक अवामी दौर 1959-61, महासचिव : प्रोग्रेसिव राइटर्स एसोसिएशन दिल्ली स्टेट 20 अप्रैल 1960 से नवंबर 1961, आल इंडिया रेडियो के ड्रामों में अभिनेता के रूप में काम किया । भारतीय जन नाट्य संघ (आई. पी. टी. ए.) के स्टेज नाटकों का निर्देशन किया, कई नाटक लिखे तथा अभिनय भी किया ।






आरिफ नकवी (बायें) और जस्टिस हैदर अब्बास रजा. बीच में हैं के. विक्रम राव उर्दू मीडिया सेंटर में, लखनऊ (18 फरवरी 2015) में.

आरिफभाई की आखिरी किताब.

वे जर्मन भाषा कोर्स, हर्डर इंस्टीट्यूट लाइप्जिंग जर्मन नाटक कला, हम्बोल्ट विश्वविद्यालय बर्लिन लेक्चर थे । इंडोलॉजी इंस्टिट्यूट हंबोल्ट विश्वविद्यालय, बर्लिन उर्दू तथा हिंदी 1969 तक पढ़ाया ।

मेरे अजीज मित्र जनाब आरिफ नकवी का ताजातरीन लघु उपन्यास बुझते जलते दीपक वस्तुत: अकलंकारी अर्थों में एक स्कर्ट (लहंगा) जैसा है । विंस्टन चर्चिल की मशहूर उक्ति थी : राजनेता का भाषण स्कर्ट जैसा हो । लंबा ताकि पूरा विषय उल्लिखित हो जाए । छोटा भी ताकि जनरुचि बनी रहे । ठीक ऐसी ही है आरिफभाई की लघु रचना । आज के सांप्रदायिक माहौल पर एक उम्दा भाष्य हैं । पाठक की उत्सुकता अंत तक कायम रहती है । एक संदेश भी देती है विकृत अवधारणा पालनेवालों को । इन दोनों संप्रदाय के मतावलंबियों को । गंगा और यमुना की धाराएं भले ही समांनातर बहती रहती हैं । मगर दर्शकों को संगम देखना चाहिए । आरिफइसी संगम की भावना को बेहतरीन, मर्मस्पर्शी तरीके से रेखांकित कर देते हैं, आखिरी पृष्ठ में । यदि यह एक लघु कहानी होती तो भावुकता के पैमाने पर सुदर्शन की कहानी हार की जीत जैसी दिल को छू जाने वाली होती । बाबा भारती के प्रिय घोड़े को डाकू खड़गसिंह छल से उड़ा ले जाता है। अंत में पश्चाताप करता है । वापस लौटा देता है । ठीक यही होता है आरिफभाई के मुख्य पात्र साजिद के प्रकरण में । आखिरी क्षण में बम का रिमोट वह नहीं दबाता है क्योंकि उस भीड़ में एक नन्ही बच्ची उसे दिखती थी । उसे तभी कोई स्वजन याद आ जाता है । नरसंहार बच जाता है । उसे अहसास हो जाता है कि इस्लाम यह कदापि नहीं सिखाता है । हैवानी हिंसा को । उनका बीजमंत्र यही है । पूरा लघु उपन्यास यही पैगाम देता है । वर्तमान भारतीय समाज को, उसके हर आतंकी को । आरिफभाई की हृदयगत जज्बातों की अभिव्यक्ति में उन्हें बड़ा लाभ मिला, उनके बहुमुखी होने से और देश दुनिया की उनकी लंबी यात्राओं से । उर्दू, हिंदी, अंग्रेजी, जर्मन आदि में तो उन्हें महारत है ही । वैचारिक रूप से भी वे बड़े सुलझे हुये हैं । संकीर्णता से कोसों दूर ।

K Vikram Rao
Mobile -9415000909
E-mail –k.vikramrao@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### मुनीश्री प्रणव सागर जी महाराज की पुरानी पिच्छी अभिषेक अशोक पाटील और उनकी पत्नी प्रणिता को प्राप्त हुई



**नांदणी ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के करकमलो द्वारा मुनीश्री प्रणव सागर जी महाराज जी की पुराणी पिच्छी कोल्हापूर निवासी श्री अभिषेक अशोक पाटील और उनकी पत्नी प्रणिता को आज नांदणी में पिच्छी परिवर्तन कार्यक्रम में प्राप्त हुई। नमोस्तु शासन जयवन्त हो। **-अभिषेक अशोक पाटील**

### मनोहर गौशाला खैरागढ़ में धूमधाम से मनाई गई गोवर्धन पूजा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मनोहर गौशाला खैरागढ़ में उत्साहपूर्वक गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। गोबर से गोवर्धन पर्वत का प्रतीक बनाकर सभी गौवंशों को खिचड़ी और मेवा गुड़ की लापसी खिलाई गई। गौशाला के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने बताया कि गोवर्धन पूजा का यह दिवस गौ माता की पूजा का दिन है। यह दिन प्राकृति की रक्षा का संदेश देता है और गौ माता के गोबर में धन की प्राप्ति का संदेश देता है। बता दें कि मनोहर गौशाला में गोबर और गौ मूत्र से खाद का निर्माण किया जा रहा है। इस पर वैज्ञानिकों द्वारा रिसर्च भी किया जा रहा है। इस वर्ष भी गोबर के वैदिक दीपक बनाकर पूरे देश में भेजे गए। एक लाख से अधिक दीये देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, गृहमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित देश के बाहर भी स्पीड पोस्ट और कुरियर से भेजे गए। दीपक भेजने का मुख्य उद्देश्य प्रकृति की सुरक्षा में अपना कुछ योगदान देना है। वेदों में लिखा है कि गोबर के दीपक प्रज्वलित होने से ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है। इसके लिए हर साल यह प्रयास किया जाता है।

### बलरामपुर जिले के भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या हुई आठ, ड्राइवर ने भी दम तोड़ा

**बलरामपुर ( विश्व परिवार )।** बलरामपुर जिले के राजपुर-कुसमी मार्ग में ग्राम लडुआ के समीप शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के पानी से भरे डबरी में जा गिरने की घटना में मृतकों की संख्या बढ कर 8 हो गई है। गंभीर रूप से घायल ड्राइवर की भी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और एक बच्ची शामिल हैं। सभी मृतक कुसमी थाने के ग्राम लरिमा के रहने वाले हैं, जो सूरजपुर जाने के लिए निकले थे। इस हादसे में जान गंवाने वाले संजय मुंडा, उनकी पत्नी चंद्रावती मुंडा, बेटी कृति मुंडा दीपावली पर कुसमी के लरिमा आए थे। शनिवार शाम वे घर सूरजपुर जाने के लिए निकले थे। लरिमा के चार अन्य लोग उदयनाथ, मंगल दास, भूपेंद्र और 18 वर्षीय लड़का अवनीत भी उनके साथ था। शनिवार की रात लगभग आठ बजे स्कॉर्पियो क्रमांक ष्ट्त 15 ष्ठक्र6255 में एक बालिका, एक महिला व पांच अन्य लोगों को लेकर चालक मुकेश दास कुसमी के लरिमा गांव से राजपुर की ओर आ रहा था। राजपुर पहुंचने से पहले ग्राम लडुआ के समीप तेज गति की स्कॉर्पियो से चालक का नियंत्रण हट गया। स्कॉर्पियो सड़क किनारे डबरी में जा गिरी। आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने चालक को खिड़की के सहारे किसी तरह बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवाया। इधर धीरे-धीरे स्कार्पियो का पीछे का हिस्सा गहरे पानी में समा गया। स्कार्पियो में पानी भर गया था। सारे गेट हादसे के बाद लाक हो गए थे, जिसकी वजह से वे लीग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से सभी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर एक्सीवेटर की मदद से स्कॉर्पियो को बाहर निकाला। सभी को स्कार्पियो से बाहर निकाल कर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर लाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। जिस डबरी में हादसा हुआ, वह सड़क किनारे खेत में बनी हुई है। तेज गति को हादसे का कारण बताया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलरामपुर सड़क दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बलरामपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने के साथ-साथ घायलों के उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

## टिमटिमाते दीपों से जगमगाया आचार्य श्री विद्यासागर जी कीर्तिस्तंभ







**झांसी ( विश्वपरिवार )।** इलाइट चौराहा स्थित जैन समाज के कीर्तिस्तंभ पर विश्व शांति हेतु अहिंसा के पथ प्रदर्शक भगवान महावीर स्वामी के 2550 वे निर्वाण महामहोत्सव के समापन व 2551 वें निर्वाणोत्सव के आगमन पर जैन समाज ने दीपों की श्रृंखला बनाकर दीपोत्सव मनाया।

नवीन वीर संवत 2551 के आगमन पर आज पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के मुख्य आतिथ्य, प्रदीप जैन (सदस्य 13वीं प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया) के विशिष्ट आतिथ्य, राजेंद्र बड़जात्या की अध्यक्षता व सौरभ जैन (बिजली) के संयोजन में 2550 वे वर्ष के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजकों व कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। आरंभ में मेघा अमित सिंघई द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया तदुपरांत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ प्रमोद वैरायटी व नवीन बाबू द्वारा महावीराष्टक का वाचन किया गया।

मुख्य अथिति पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रदीप आदित्य जी ने भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महामहोत्सव पर नगर में हुए विभिन्न आयोजनों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह सिद्धांत उनके निर्वाण के ढाई हजार वर्ष बाद भी सार्थक हैं, अब जापान जैसा तकनीक संपन्न देश अपरिग्रहवाद (मिनीमाईजेशन) के सिद्धांत को अपना रहे हैं। भगवान महावीर के अहिंसा सिद्धांत से ही विश्व में अहिंसा स्थापित की जा सकती है।

**भगवान महावीर 2550 में निर्वाण वर्ष के आयोजन संयोजकों किया सम्मान**



विशिष्ठ अतिथि श्री प्रदीप जैन ने कहा कि धार्मिक व सामाजिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखना चाहिए, उन्होंने कीर्ति स्तंभ पर इस आयोजन करने की सराहना करते हुए इस स्थान पर आगे भी कार्यक्रम करते रहने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विजय कासलीवाल, नितेश जैन, आशीष नगरा, चक्रेश जैन (कैलाश रेसी) रवि जैन बिजौली, संजय जैन छतरपुर, कुलदीप जैन, जितेंद्र शैलजीत, डा अनिल जैन (होम्यो) इं रोहित जैन, आनंद ड्योढिया, रविंद्र जैन (रेलवे), राजीव जैन अहिंसा, राहुल जैन, सावन जैन आदि का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर संजय सिंघई, युवा संयोजक यश सिंघई, देवेंद्र मगरपुर, श्रेयांश जैन, रमेश जैन, इंजी उमेश जैन, लालचंद, रविंद्र गुरसराय, अमित प्रधान, आलोक जैन, रविंद्र चिरगांव, मनोज सिंघई, दिनेश (डीके) मुकेश वीडियो, ज्ञानेंद्र, दिव्यांश जैन, मयंक, शुभम जैरी, रवि, रोहित कासलीवाल, रमेश यादव, श्रीमती रीता आदित्य, महिला संयोजिका अनीता जैन, पुष्पा बड़जात्या, राजेश्वरी, साधना सत्यराज, ज्योति जैन, अंजु जैन, अनीता बिजौली, प्रियंका, कुसुम जैन, अर्चना जैन, महिमा, निधि, अनुकृति, वैशाली, भुवि आदि मौजूद रहीं।

कार्यक्रम का संचालन भगवान 2550 निर्माण महोत्सव समिति झांसी के महामंत्री संजय जैन 'कर्नल' ने व आभार श्री सुभाष जैन सत्यराज ने व्यक्त किया।

## मुंबई में आयोजित 'वीर-निर्वाण महासंगम' के आयोजन हेतु श्रद्धेय देवेंद्र ब्रह्मचारी जी ने हिमाचल प्रदेश, असम और मणिपुर के राज्यपालों से भेंट कर उन्हें आमंत्रित किया




**मुंबई ( विश्व परिवार )।** भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण वर्ष के अवसर पर महावीरायतन फाउंडेशन द्वारा 'वीर-निर्वाण महासंगम' का आयोजन 30 नवंबर को मुंबई के रामलीला मैदान, गौशाला, मलाड ईस्ट में किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल जी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। साथ ही देश-विदेश के अनेक धर्मगुरु, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री, प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी और कला जगत के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व भी इस अवसर पर शिरकत करेंगे।

इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषता भगवान महावीर के अमर संदेश 'जिओ और जीने दो' पर आधारित विशेष व्याख्यान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। महावीरायतन फाउंडेशन के संस्थापक श्रद्धेय देवेंद्र ब्रम्हचारी जी ने मीडिया से बात करते हुऐ आयोजन के बारे में बताये की इसका उद्देश्य समाज में शांति, एकता और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देना है। हमने पिछले दो दशकों से समाज में सामाजिक समरसता, सौहार्द्र, प्रेम और सद्भावना को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी अथक सेवाएं दी हैं। कार्यक्रम में भगवान महावीर के सन्देश 'जिओ और जीने दो' पर विशेष व्याख्यान होंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में शांति, एकता और सहिष्णुता बढ़ाना है।

हाल ही में, श्रद्धेय देवेंद्र ब्रम्हचारी जी ने हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ल जी से शिमला स्थित राजभवन में भेंट कर उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया, उन्हों ने कहा की आयोजन समाज के लिए प्रेरणा देने वाला है। इसी प्रकार, नई दिल्ली असम हाउस में असम और मणिपुर के महामहिम राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य जी से भी भेंट कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। महामहिम राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेम, सद्भावना और धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण प्रयास हैं। उन्होंने स्वामी देवेंद्र ब्रम्हचारी के सामाजिक कार्यों और महावीर के सिद्धांतों को समाज में प्रचारित करने की पहल की सराहना की। और उनका मानना है कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक प्रेरणादायक मंच बनेगा। यह महासंगम भगवान महावीर के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करने और समाज में धार्मिक सहिष्णुता, प्रेम और सद्भावना का संदेश फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के 6 शिष्य नांदणी से शाहूनगर, जयसिंगपूर के लिए विहार संपन्न हुआ



**नांदणी ( विश्व परिवार )।** 3 नवम्बर को आध्यात्म सरोवर के राजहंस, चर्या शिरोमणी आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज के 6 शिष्य श्रमण मुनी श्री अनुत्तर सागर जी महाराज, श्रमण मुनी श्री प्रणेय सागर जी, श्रमण मुनी श्री प्रणव सागर जी, श्रमण मुनी श्री सर्वार्थ सागर जी, श्रमण मुनी श्री संकल्प सागर जी और श्रमण मुनी श्री सदभाव सागर जी महाराज जी दोपहर 4 बजे नांदणी से आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, शाहूनगर, जयसिंगपूर में विहार संपन्न हुआ। नांदणी से जयसिंगपूर शाहूनगर विहार के समय जगह जगह पर श्रावक - श्राविकाओं के द्वारा पादप्रक्षालन किया गया। मुनीयों के विहार में गजराज हाथी भी नांदणी मठ से वृषभाचल तक मुनीयों के साथ विहार में चलकर मुनीयों को नमन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, शाहूनगर, जयसिंगपूर में श्रमण मुनी श्री अनुत्तर सागर जी महाराज, श्रमण मुनी श्री प्रणेय सागर जी, श्रमण मुनी श्री प्रणव सागर जी, श्रमण मुनी श्री सर्वार्थ सागर जी, श्रमण मुनी श्री संकल्प सागर जी और श्रमण मुनी श्री सदभाव सागर जी महाराज जी का भव्य स्वागत किया गया। सभी मुनीराजों का पादप्रक्षालन किया गया। मुनीराजो ने प्रवचन दिया। विचित्र बाते प्रणेता मुनी श्री सर्वार्थ सागर जी महाराज ने प्रवचन में कहा की मकडी के जाले की तरह नहीं, सूर्य के उजाले की तरह अपना जीवन जिये। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## ज्ञान को सम्हालने के लिये जिनवाणी का स्वाध्याय करें : मुनि श्री नियम सागर जी महाराज

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं आचार्य समय सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियम सागर महाराज, मुनि श्री पवित्र सागर, मुनि श्री निरंजन सागर, मुनि श्री आदिसागर महाराज का चातुर्मास उपरांत पिच्छिका परिवर्तन समारोह अरिहंत विहार जैन मंदिर के प्रागड़ में विशाल समारोह के साथ संपन्न हुआ। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया इस अवसर पर बड़ी संख्या में बाल ब्र. भैया जी तथा बाल ब्र.बहनों के साथ व्रती श्रावक एवं श्राविकाओं ने तथा मुनि श्री के ग्रहस्थ जीवन के परिवार जनों ने आचार्य श्री के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रजवलन किया।




इस अवसर पर निर्यापक श्रमण वरिष्ठ मुनि श्री नियम सागर महाराज ने कहा कि गुरु के आशीर्वाद से 20 जुलाई को भगवान शीतलनाथ स्वामी की गर्भ जन्म दीक्षा तथा ज्ञान कल्याणक भूमी पर पहली बार विदिशा आना हुआ ।एवं शहर के बाहर शीतलधाम में चातुर्मास संपन्न हुआ ।आप सभी भव्य जीवों ने शहर के बाहर होंने के बाबजूद भी शहर के लोगों ने तथा कैमरा के लाईव टेलीकास्टिंग से दूर दराज के लोगों ने भी भगवान की इस बाणी को सुना मुनि श्री ने कहा कि ये प्रवचन नहीं बल्कि भगवान के बचन है इसे में नहीं बोलता बल्कि उस समय साक्षात भगवान ही मेरे कण्ठ में विराजमान होते है, और में भी उसमें अपने आत्मकल्याण का मार्ग ढूड़ लेता हूं। मुनि श्री ने कहा कि भगवान शीतलनाथ की बंश परंपरा आज भी जीवित है मेंने स्वं भगवान से प्राथना की है कि इन सबका कल्याण होंना चाहिये उन्होंने कहा कि पिच्छी का अग्रभाग बहूत ही कौमल होता है जो कि जीवरक्षा के लिये मुनिराजों के हाथों में प्रत्येक समय में रहती है, उन्होंने उपस्थित सभी धर्म श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुये कहा कि ज्ञान को सम्हालने के लिये जिनवाणी का स्वाध्याय करें। इस अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठ नागरिकों सहित सकल दि. जैन समाज, श्री शीतल विहार न्यास, तथा श्री पारसनाथ जिनालय अरिहंत विहार सहित विदिशा नगर के सभी जिनालयों के पदाधिकारिओं ने मुनिसंघ को श्रीफल अर्पित कर जिनालयों में पधारने की अपील की। इस अवसर पर कर्नाटक महाराष्ट्र मध्यप्रदेश के प्रमुख नगरों से प्रतिनिधिओं की उपस्थिती में निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियम सागर महाराज की पुरानी पिच्छिका लेंने बाले दावेदारों की संख्या को देखते हुये उसे चार परिवारों को प्रदान किया गया जिसमें सर्व प्रथम डा.अशोक जैन एवं श्रीमति सबिता जैन, पी.सी जैन किरी मौहल्ला, ए.के. जैन (पूर्व एसई) तथा श्री मति शीला जैन अभिषेक ज्वेलर्स को प्राप्त हुई। इसी क्रम में मुनि श्री पवित्र सागर महाराज तथा मुनि श्री निरंजन सागर महाराज तथा आदिसागर मुनिराज की पिच्छिका लेंने का एवं दैनें का सौभाग्य् वृती तथा संयम पालन करने बाले परिवारों को मिला। कार्यक्रम का संचालन अमोल भैयाजी ने किया एवं आभार प्रदर्शन शीतलधाम के अध्यक्ष सचिन जैन ने किया। **-अविनाश जैन**

## एनएमडीसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मुख्य अतिथि महेश एम. भागवत, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक के साथ मनाया

**हैदराबाद ( विश्व परिवार )।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 का समापन अखंडता और नैतिक प्रथाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए एक समारोह के साथ किया। 16 अगस्त 2024 से प्रारम्भ होकर 15 नवंबर तक चलने वाले तीन महीने के जागरूकता अभियान में परियोजना स्थलों और मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। 28 अक्टूबर 2024 को प्रारम्भ हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन मुख्यालय में ×स39;सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर श्री महेश एम. भागवत, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था), हैदराबाद के मुख्य भाषण सत्र के साथ संपन्न हुआ। जिसके बाद सतर्कता विभाग की गृह पत्रिका सुबोध का विमोचन किया गया तथा विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों, कर्मचारियों और हितधारकों को पुरस्कार वितरित किए गए।




समापन कार्यक्रम में श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) और (कार्मिक, अतिरिक्त प्रभार) और श्री बी विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित एनएमडीसी के वरिष्ठ नेतृत्व ने एनएमडीसी कर्मचारियों के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री महेश एम. भागवत, आईपीएस, अपर डीजीपी (एलएंडओ) हैदराबाद ने सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता प्रतिबद्धता और निष्ठा के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने वयस्कों के व्यवहार को आकार देने वाले विकासात्मक चरणों पर सिगमंड फ्रायड के सिद्धांत का उदाहरण देते हुए, बताया कि संचालन के लिए अखंडता किस प्रकार महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मचारियों को ड्यूटी के अलावा सतर्कता का व्यवहार विकसित करने और एक निष्पक्ष और भरोसेमंद कार्यस्थल बनाने की साझा जिम्मेदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

उपस्थित समूह को संबोधित करते हुए, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी ने सतर्कता टीम की वर्षभर लगातार किए गए प्रयासों के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि सतर्कता संगठन दोष-खोजने वाली संस्था से कहीं अधिक है। एनएमडीसी ने 100 मिलियन टन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्षमता निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह एक बडा कदम है, जिसके लिए हमें सुव्यवस्थित, सुविचारित निर्णय लेने की आवश्यकता है। सही डिजिटल उपाय पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाते हैं। निवारक सतर्कता से प्रक्रियाएं बेहतर और प्रणालीबद्ध बनती हैं जिससे व्यक्तिगत विवेक से निर्णय लेने की निर्भरता सीमित हो जाती है। उन्होंने प्रतिभागियों से निवारक सतर्कता गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होने, पारदर्शिता के लिए प्रणालियों को मजबूत करने और सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप मानक खरीद प्रथाओं का पालन करने का आग्रह किया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**संशोधन**

निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-73-24-25 जिसकी अंतिम तिथि 08.11.2024 है, उस में निम्नलिखित संशोधन किया गया है:

**निविदा सूचना सं.: ई-आर-टी-73-24-25**

प्रकाशित विवरण व अब संशोधन निम्नानुसार हैं:

**निविदा प्रस्तुत करना:** पूर्व प्रकाशित दिनांक 08.11.2024 को अब **दिनांक 18.11.2024 के 11:00** बजे तक ऐसा पढ़ा जाए।

**निविदा खोलना:** पूर्व प्रकाशित दिनांक 08.11.2024 को अब **दिनांक 18.11.2024 को 11:00** बजे ऐसा पढ़ा जाए।

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी। विवरण हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **वरिष्ठ मंडल अभियंता-I, द.पू.म. रेलवे, रायपुर**

PR/R/ENGG/PC/156

South East Central Railway @secrail

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व पिंजरा में फंसा तेंदुआ

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र अरसीकन्हार में ग्राम मेचका व आसपास ग्रामों के ग्रामीण पिछले माह भर से खुंखार तेंदुआ के आतंक से परेशान हो गए थे।लगातार तेंदुआ गांव के भीतर गांव के भीतर घुस कर मवेशियों को अपना शिकार बना रहा था। आधा दर्जन से ज्यादा मवेशियों को तेंदुआ के द्वारा शिकार बनाने से ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रहा था। ग्रामीणों द्वारा लगातार इसकी शिकायत वन विभाग से किया जा रहा था। ग्रामीणों के सूचना के बाद वनविभाग के टीम ने अरसीकन्हार वन परिक्षेत्र के मेचका जंगल में पिंजरा लगाया था और पिंजड़ा में एक तरफ बकरे रखा गया था। बीते रात बकरे की लालच में तेंदुआ पिंजरा में घुस गया और पिंजरा फंस गया जिसकी जानकारी उदती सीतानदी टाईर रिजर्व के उपनिदेश वरूण जैन को दी गई।उपनिदेशक वरूण जैन तत्काल मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों के चर्चा के बाद पिंजरा में फंसे तेंदुआ का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसके बाद तेंदुआ को रिसगांव क्षेत्र टाईगर रिजर्व के कोर इलाके के जंगल में छोड़ा गया।जैसे ही पिंजरा को खोला गया तेंदुआ छलांग मारते जंगल के तरफ ओझल हो गया।

### एसईसीएल के तीनों खदानों से प्रतिदिन 25,000 लीटर डीजल की हो रही चोरी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में प्रतिदिन हजारों लीटर डीजल की चोरी हो रही है। इस अवैध कारोबार का टर्नओवर करोड़ों में है। कोयला की खदानों में नवीन गैंग नामक एक संगठित समूह इस अवैध कारोबार को ऑपरेट कर रहा है, जिसका मुख्य सरगना नवीन है। इस गैंग में संदीप, कुनाल, आकाश, राजा, विशाल और देवा नामक लोग भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, जिले के कुसमुंडा कोयला खदान से प्रतिदिन लगभग 5000 लीटर, तो दीपका और गेवरा से लगभग 10,000 लीटर डीजल की चोरी हो रही है। तीनों खदानों से प्रतिदिन लगभग 25,000 लीटर डीजल की चोरी होती है, जिसकी कीमत खुले बाजार में लगभग 12 लाख रुपये है। चोरी का डीजल बड़े ट्रांसपोर्टरों और पेट्रोल टंकियों को बेचा जाता है, जो इसे 80 से 90 रुपये की कीमत पर, बाजार भाव से 10 से 20 रुपये कम दाम में खरीदते हैं। इस अवैध कारोबार में एस ई सी एल के कर्मचारियों की मिली भगत और उच्च प्रबन्धन की जानते हुए भी अनदेखी की खबरें भी चर्चा में है।

### जिले के व्यक्तियों पर लगा सक्ती जिले में चोरी करने का आरोप

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले के पड़ोसी जिला सक्ती के अलग-अलग 12 जगहों में दिन में सूने मकानों से चोरी की घटना को अंजाम देने तथा जेवरात को खपाने वाले एक शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। जिसके अंतर्गत खरीदार सहित कोरबावासी सहित 5 कथित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। जानकारी के अनुसार अपराध क्रमांक-342/2024 पर धारा-331 (3),305 (ए) बीएनएस के तहत दर्ज मामले का खुलासा हुआ है। बताया जा रहा हैं कि सक्ती जिले में कुछ महिनो से दिन-दहाड़े सूने मकानों में लगातार चोरी की घटनाओं को अज्ञात चोरों के द्वारा अंजाम दिया जा रहा था। ग्राम नवापारा सक्ती में भी एक सुने मकान से सोने व चांदी के जेवरात को अज्ञात आरोपी के द्वारा चोरी किया गया था। पुलिस अधीक्षक सुश्री अकिता शर्मा के मार्गदर्शन में मामले के संदेही आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर उनसे बारीकी एवं मनावैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर उक्त आरोपियों के द्वारा ग्राम नवापारा में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। साथ ही उक्त चोरी के अलावा ग्राम अचानकपुर सक्ती, ग्राम नंदौर खुर्द, ग्राम बंदोरा, ग्राम अमनद्?ला, ग्राम केसला, ग्राम भक्कुडेरा, ग्राम फग्रम, ग्राम मिलपारा, ग्राम गुजियाबोड, ग्राम जमडी, ग्राम सेमरिया में भी चोरी करना स्वीकार किया गया तथा चोरी के सोने व गहनो को एम.पी. नगर क्षेत्र कोरबा निवासी की ज्वेलरी दुकान में खपा देना बताने से मामले में कथित आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक नग मोटर सायकल, एक नग राईडर मोटर सायकल, चोरी की घटना से प्राप्त रकम से खरीदा गया एक नग बुलेट मोटर सायकल, ताला तोडने में प्रयुक्त लोहे का औजार तथा चोरी की रकम 70,000/- रूपये नगद, चोरी के जेवरात को मेल्ट किया हुआ 45.5 ग्राम सोना तथा 8.200 ग्राम चाँदी को जप्त कर कथित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश तिवारी, निरीक्षक अमित सिंह, उनि सी.पी. कंवर, उनि कमल मेरिषा, सउनि राम कुमार रात्रे, सउनि संतोष तिवारी, सउनि कृष्ण कुमार राठौर, सउनि सतोष पांडे, प्र.आर. योगेश्वर बंजारे, प्र.आर. मनोज जाना, प्र.आर. प्रेम राठौर, प्र.आर.पुष्पेन्द्र पैकरा, प्र.आर. तेज कुमार गबेल आर. फारूख खान, खगेश राठौर, कमलेश लहरें, पवन सांडे, कमल सिदार, राकेश राठौर, अलेक्सियस मिंज, महासिंह सिदार, श्याम गबेल, जय कवर, प्रमोद सोनत, हरीश चन्द्रा, महेन्द राठौर संतोष नाग आदि का विशेष योगदान रहा।

# जिला पुलिस ने प्रशांति वृद्धाश्रम आश्रम में मनाई दीपावली



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिला पुलिस ने वृद्धजनों के साथ दीपावली पर्व की खुशियां बांटी। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयभान सिंह चैहान, कोरबा नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का व दर्री नगर पुलिस अधीक्षक ने मां सर्वमंगला मंदिर परिसर स्थित प्रशांति वृद्धाश्रम पहुंचकर यहां के वृद्धजनों से आशीर्वाद लिया। दीपावली पर्व पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी ने वृद्धाश्रम पहुंच वृद्धजनों संग दीपावली की खुशियां साझा की। बुजुर्गों को मिष्ठान, फल, मोमबत्ती आदि वितरित किया। बुजुर्गों के साथ फूलझड़ी पटाखा जलाकर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बुजुर्गों के रहन-सहन के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार दीपावली के पूर्व संध्या पर विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षकों ने भी देर शाम अपने-अपने क्षेत्र के गरीब, असहाय परिवार बच्चों के बीच दीपावली त्यौहार मनाने के लिए मिठाई, फल और दिया का वितरण किया। उनके साथ कुछ समय व्यतीत कर खुशियां बांटी। वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने समस्त वृद्धजनों को बधाई दी। वृद्धजनों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक को गुलाब का फूल भेंट किया तो दोनों पुलिस अधिकारियों ने उन सभी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और आत्मीयता से गले भी लगाया। इसके पश्चात सभी वृद्धजनों को दीपावली उपहार भेंट किया गया। उनसे चर्चा कर हाल जानते हुए जरूरतों के बारे में भी जानकारी ली गयी।

### सीईओ ने की राज्योत्सव तैयारियों की समीक्षा की

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बेमेतरा पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय में 5 नवम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी स्टॉल की एक ररूपता के और सामने पीछे बैनर का भी ग्रुप मैं डिजाइन शेयर किया गया है। संबंधित अधिकारी अपने हिसाब से बनाए। इसी को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अधिकारी राज्योत्सव टेकचंद्र अग्रवाल और अतिरिक्त कलेक्टर एवं राज्योत्सव सहायक नोडल अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने शाम यहाँ जिला पंचायत के सभागार में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राज्योत्सव आयोजन को लेकर सभी तैयारियाँ गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा समिति भी गठित कर दी गयी है। बैठक मैं एसडीएम एवं सहायक नोडल अधिकारी घनश्याम तंवर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम बेसिक मैदान में पूरी गरिमामयी तरीके से आयोजित किया जाएगा। बैठक सीईओ श्री अग्रवाल ने राज्योत्सव पर आयोजित समारोह की मंच व्यवस्था, प्रदर्शनी स्टाल, फ़ूड स्टाल,बैठक व्यवस्था कहाँ और किस प्रकार रहेगी समीक्षा की। वाहन पार्किंग, नागरिकों, अतिथियों के प्रवेश आदि की भी जानकारी ली।

## हाथियों से हुए जन-धन की हानि पर उचित मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत पर ज्ञापन सौंपा गया

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले में हाथियों की उपस्थिति लगातार बढ़ती ही जा रही है,उसके साथ ही उन हाथियों के द्वारा फसल को नुकसान पहुंचा जा रहा है,वही जनहानि भी बढ़ता जा रहा जिससे ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगो में हमेशा भय व्याप्त रहता है उस समस्या को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगो के द्वारा उस समस्या के निवारण को लेकर कलेक्टर को आवेदन देते हुए समस्या निवारण की मांग किया गया। आवेदन में उल्लेख करते हुए बताए की जिला गरियाबंद सहित छत्तीसगढ़ में हाथी का आतंक लगातार बढ़ते जा रहे हैं।हाथियों ने हजारों एकड़ जमीन की फसल बर्बाद कर चुके हैं व सैकड़ों आदमी की जान ले चुके हैं और हजारों घर उजाड़ चुके हैं।किसान हाथी की भय से हजारों एकड़ जमीन को पड़त छोड़ चुके हैं। सरकार द्वारा उचित मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण हाथी प्रभावित क्षेत्र के आदिवासी व अन्य लोग काफी भयभीत और चिंतित है।इस समस्या को ध्यान में रखते हुए हाथियों द्वारा:फसल को नुकसान पहुंचने पर प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 75000.00 (पचहत्तर हजार रूपये) की मुआवजा की राशि देने, हाथियों के द्वारा किसी व्यक्ति की जान ले लेने पर एक करोड़ की मुआवजा राशि,हाथियों द्वारा घरों पर किए जा रहे हमले को ध्यान में रखते हुए,हाथी प्रभावित क्षेत्र के सभी ग्रामीणों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के राशि को बढ़ाकर 5 लाख,गूगल मैप में ग्राम पंचायत जिडार सहित गरियाबंद जिले के कई पंचायत क्षेत्र को एकाएक सोनाबेड़ा वाइल्डलाइफ सेंचुरी बता रहा है,जिसे शीघ्र निरस्त करने की मांग किया गया।साथ ही यदि मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तो ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को स्वतंत्र कर वन विभाग द्वारा जंगलो में हो रही कूप कटाई पर रोक लगाया जाना चाहिए,बगैर ग्राम सभा के जंगलो की कटाई नहीं किये जाने की बात कही गई।वही हाथियों से मारे जाने पर जाने वाले मुआवजा की राशि भीं बढ़ाने की बात आंदोलन करियो ने की कहा,साथ ही बताये की हाथी के द्वारा कुचले जाने पर मिलने वाले मुआवजा राशि 4 लाख राशि हैं जो की अप्रयाप्त हैं,वर्तमान में किसानो के खेत को हाथियों से नुकसान होने पर हजार का मुआवजा मिल रहा हैं जिसे किसानो को बहुत नुकसान हो रहा हैं, बताया की यह तो आंदोलन का प्रारम्भिक चेतावनी रैली हैं,जिले के मैनपुर ब्लाक के 20 से ज्यादा ग्राम पंचायत प्रभावित होने की बात कहे।

### गरियाबंद पुलिस ने 16 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** नशे के विरूद्ध धरपकड़ की कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रो में सूचना संकलन एवं पेट्रोलिंग को सक्रिय किये थे।इसी के चलते ग्राम गस्त जुर्म जरायम पतासाजी के दौरान मुखबीर सूचना मिलने पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक जय प्रकाश नेताम व टीम के द्वारा घटना स्थल ग्राम कोपरा एनीकट बरगद पेड़ के पास शराब रेड कार्यवाही किया गया जहां संदेही आरोपी नितीश कुमार पिता अजय ध्रुव उम्र 21 साल व सोम प्रकाश गोड़ पिता गणेश राम गोड़ उम्र 20 साल निवासी ग्राम मड़ेली थाना मगरलोड जिला धमतरी के कब्जे से एक नीले सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर रखे कुल 33 पन्नी (पाउच) प्रत्येक पन्नी में 500 द्रव्य भरा हुआ देशी हाथ भट्ठी से बना कच्ची महुआ शराब को समक्ष गवाहो के रंगे हाथ पकड़ कर गिनती कर गवाहो के समक्ष कुल 16.500 बल्क लीटर अवैध शराब किमती 3300/- रूपये एवं एक मोटर सायकल क्र छ्त्र 22 , क्र7789 को मौके से जप्त कर आरोपी नितीश कुमार पिता अजय ध्रुव उम्र 21 साल और सोमप्रकाश गोड़ पिता गणेश राम गोड़ उम्र 20 साल दोनो निवासी ग्राम मड़ेली थाना मगरलोड जिला धमतरी छ0ग0 को उक्त शराब बिक्री/परिवहन करने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज रखे होने के संबंध में पुछताछ करने पर कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया।उक्त आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण के दोनो आरोपियों को समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।उक्त कार्यवाही में थाना पाण्डुका पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

### आटो चालक मौत मामला: प्रताड़ना व खुदकुशी के लिए दुष्प्रेरित करने वाली युवती पर अपराध दर्ज

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के हरदीबाजार में एक ऑटो चालक ने 28 सितम्बर 2024 की शाम अपने घर पर खुदकुशी कर ली थी। खुदकुशी से पहले वह फेसबुक पर अपनी पीड़ा व्यक्त कर सवालों के जवाब मांगता रहा, और खुदकुशी की बात कह कर कदम उठा लिया। पुलिस को लिखा हुआ पूर्व का शिकायत पत्र पोस्ट करते हुए मुड़ापार निवासी युवती पर आर्थिक दोहन और पुलिस से मिलकर धमकी-चमकी दिलवाने का आरोप लगाते हुए पोस्ट किया। दोपहर में पोस्ट करने के बाद शाम तक उसने घर में गमछा के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। सोशल मीडिया फेसबुक में ऑटो चालक ने अपनी मौत के लिए जिम्मेदार मुड़ापार निवासी युवती को ठहराते हुए बताया कि वह उसका भयादोहन कर रही थी और पैसे की मांग करते रहने के कारण वह मानसिक रूप से काफी प्रताड़ित हो रहा था। घटना दिनांक को युवती और पुलिस वाले ने फोन करके धमकी दिया जिसकी वजह से खुदकुशी कर रहा हूं। पैसा नहीं देने पर अब फंसाया जा रहा है। ऐसा उसने सोशल मीडिया में लिखकर अपनी तस्वीर के साथ मृत्यु पूर्व डाला। हरदी बाजार थाना अंतर्गत बाजार मोहल्ला निवासी अशोक यादव उर्फ सोनू यादव 35 वर्ष ने आर्थिक प्रताड़ना के कारण यह आत्मघाती कदम उठाया। मृतक ने 23 अगस्त 2024 को हरदी बाजार थाना में लिखित शिकायत किया था जिसमें युवती द्वारा 3 साल से किए जा रहे ब्लैकमेलिंग के संबंध में उसने कार्रवाई की मांग की थी।

## सड़क, रेल और हवाई सेवा सुचारु करने बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने पीएम को लिखा पत्र

#### तीन केंद्रीय मंत्रियों को भी लिखा पत्र

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** बस्तर चेंबर ऑफ़ कॉमर्स ने पत्र के माध्यम से सड़क, रेलवे एवं वायु सेवा सुविधा युक्त सुचारु करने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किजरापु राम मोहन नायडू को पत्र लिखा गया। पत्र में कहा गया छत्तीसगढ़ राज्य का बस्तर अंचल जो कि क्षेत्रफल में केरल राज्य से भी बड़ा है। मुख्यालय जगदलपुर से प्रदेश मुख्यालय सहित सीमावर्ती राज्यों की परिवहन सुविधा अव्यवस्थित हो गई है। जिसमें वायु सेवा जगदलपुर से रायपुर एवं रायपुर से जगदलपुर एक मात्र वायु सेवा 28 अक्टूबर से बंद कर दी गई है। रेल सेवा जगदलपुर से रायपुर दुर्ग की एक मात्र यात्री ट्रेन सुविधा पूर्व में ही बंद कर दी गई है। सड़क परिवहन केशकाल घाट का मार्ग जर्जर होने की वजह से सड़क परिवहन सुविधा अव्यवस्थित हो गई है वैकल्पिक मार्ग की दूरी अधिक होने की वजह से ईंधन एवं समय अधिक लग रहा है। साथ ही जनता को अतिरिक्त आर्थिक भुगतान करना पड़ रहा है। बस्तर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने की वजह से लोग रायपुर,विशाखापट्टनम एवं हैदराबाद पर निर्भर है। परंतु सड़क मार्ग की स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण मरीज सहित परिवार को भी विषम हालातो से जूझना पड़ रहा है। बचेका अध्यक्ष श्याम सोमानी ने पत्र के माध्यम से अपनी बातें रखी उन्होंने निवेदन किया है कि तत्काल प्रभाव से वायु सेवा पुन: चालू करने एवं रेल को भी अविलंब बहाल किया जाए। साथ ही केशकाल बाईपास मार्ग को भी शीघ्र पूर्ण करने का निवेदन किया है। पत्र की प्रतिलिपि सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण सिंह देव,आयुक्त बस्तर संभाग एवं कलेक्टर बस्तर को भेजी है।

## कैंसर का शीघ्र पता लगाने व पूर्वाग्रह मुक्त संवाद का चैम्पियन बना वेंदाता का बालको मेडिकल सेंटर




**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारत के अग्रणी कैंसर अस्पतालों में से एक वेदांता के बालको मेडिकल सेंटर ने स्तन कैंसर जागरुकता माह के दौरान व्यापक जागरुकता अभियान 'शर्म छोड़ो, गाँठों पे बोलो' चलाया। जिसका लक्ष्य था स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाना तथा इस मर्ज से जुड़े कलंक को हटाना। इस पहल के तहत बीएमसी ने कई कार्यक्रम आयोजित किए जैसे स्वास्थ्य जांच, बाईक रैली, निशुल्क मैमोग्राफी स्क्रीनिंग व शैक्षिक पॉडकास्ट ताकी इस रोग का समय रहते पता लगाया जा सके और समुदाय के लोगों में इस विषय पर जागरुकता बढ़े। स्तन कैंसर जागरुकता माह के दौरान बीएमसी ने इस पर ध्यान केन्द्रित किया की जनता को इस बारे में शिक्षित किया जाए और इसकी रोकथाम व जांच हेतु सक्रिय उपायों को प्रोत्साहन दिया जाए। इस पूरे महीने बीएमसी ने नि:शुल्क मैमोग्राफी जांच की सुविधा प्रदान की ताकी महिलाओं को इस बीमारी के बारे में सचेत किया जाए और समय रहते पता लगाने की निवारक जांच को बढ़ावा दिया जाए। अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में बीएमसी की मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन ने आसपास के गांवों में 45 वर्ष से अधिक की महिलाओं के लिए जांच शिविर आयोजित किए। इन शिविरों ने नियमित जांच की अहमियत को समझाया और स्वयं स्तन परीक्षण सिखाया जिससे महिलाओं ने सक्रिय स्तन स्वास्थ्य के महत्व को जाना। समुदाय को और अधिक इस अभियान से जोडने के लिए ब्रैस्ट कैंसर अवेयरनेस बाइक रैली निकाली गई जिसमें 10 बाइकिंग समूहों ने हिस्सा लिया, जिनमें 270 के लगभग राइडर थे, तत्पश्चात् वृक्षारोपण किया गया जो आशा एवं वृद्धि का प्रतीक बनाय इस प्रकार समुदाय ने स्तन कैंसर जागरुकता को सहयोग देने तथा सभी के लिए एक स्वास्थ्यकर भविष्य पोषित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बीएमसी ने इन गतिविधियों को सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित किया, जहां इस अभियान की मुख्य झलकियां, एक जागरुकता हिंडोला और विशेषज्ञों के वीडियो साझा किए गए।

### दीपावली पर स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर रणबीर शर्मा

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** दीपावली पर्व के मद्देनजर, जिला कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने आज जिला अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि दिवाली के दौरान जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और पर्याप्त चिकित्सा उपकरणों व दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों आदि से दुर्घटनाओं की संभावना को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना आवश्यक है ताकि किसी भी आकस्मिक घटना की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि अस्पतालों में सभी आवश्यक उपकरण, जैसे बर्न किट, ऑक्सीजन सिलेंडर, और प्राथमिक उपचार सामग्री तैयार रहे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों, नर्सों और अन्य आवश्यक स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी ढंग से इलाज संभव हो। दीपावली जैसे बड़े त्यौहार पर लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने यह कदम उठाया है, जिससे जिले में किसी भी दुर्घटना के मामले में स्वास्थ्य सेवाएं तत्काल सुलभ हों। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी,संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता गर्ग साथ थे।

## व्यापार समाचार

# एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रवर्तित, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**रायपुर।** एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रवर्तित, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, जो कुल सकल ऋण पुस्तिका आकार के संदर्भ में भारत में अग्रणी, विविध खुदरा-केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक है, (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट) ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के साथ ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ऋण उत्पादों का एक बड़ा पोर्टफोलियो प्रदान करता है जो एक विस्तृत ओमनी-चैनल वितरण नेटवर्क के माध्यम से बढ़ते और विविध ग्राहक आधार को पूरा करता है। ऋण उत्पाद तीन व्यावसायिक वर्टिकल के माध्यम से पेश किए जाते हैं: एंटरप्राइज लेंडिंग, एसेट फाइनेंस और कंज्यूमर फाइनेंस। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी भारत की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती ग्राहक फ्रेंचाइजी में से एक है, और 30 सितंबर, 2024 तक 17.5 मिलियन ग्राहकों को सेवा दे चुकी है, जो 31 मार्च, 2022 और 30 सितंबर, 2024 के बीच 28.22त्न की सीएजीआर से बढ़ी है। कंपनी मुख्य रूप से कम या बिना क्रेडिट इतिहास वाले निम्न से मध्यम आय वाले परिवारों में कम सेवा वाले और कम बैंकिंग वाले ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। कुल 12,500 करोड़ रुपये तक के सार्वजनिक प्रस्ताव में 2,500 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, जो कि प्रवर्तक विक्रय शेयरधारक है, द्वारा 10,000 करोड़ रुपये तक के बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) शामिल हैं। सार्वजनिक पेशकश में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए इक्विटी शेयरों का आरक्षण (कर्मचारी आरक्षण भाग) और पात्र एचडीएफसी बैंक शेयरधारकों द्वारा सदस्यता के लिए ?10 प्रत्येक के अंकित मूल्य के आरक्षित इक्विटी शेयर (एचडीएफसी बैंक शेयरधारक आरक्षण भाग) शामिल हैं। कंपनी बीआरएलएम के परामर्श से रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करने से पहले प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पर विचार कर सकती है (प्री-आईपीओ प्लेसमेंट)। यदि प्री-आईपीओ प्लेसमेंट किया जाता है, तो वह बीआरएलएम के परामर्श से कंपनी द्वारा तय की जाने वाली कीमत पर होगा। यदि प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पूरा हो जाता है, तो प्री-आईपीओ प्लेसमेंट के अनुसार जुटाई गई राशि एससीआरआर के नियम 19(2)(बी) के अनुपालन के अधीन, नए इश्यू से कम हो जाएगी।

# ग्राहकों का भरोसा बढ़ाने और अनुभव बेहतर बनाने के लिए काइनेटिक ग्रीन ने लॉन्च किया 'मिशन फतेह'

**रायपुर:** भारत में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीद्लर बनाने वाली अग्रणी कंपनी, काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एण्डर पावर सॉल्यूमशंस लिमिटेड ने उत्त्र प्रदेश में 'मिशन फत्तेह' लॉन्चल करने की घोषणा की है। इस पहल का मकसद ग्राहकों पर केन्द्रित असरदार कैम्पेन के जरिये उनके साथ रिश्ते को मजबूत बनाना और इस प्रक्रिया में उनके विश्वानस को बढ़ाना है। ग्राहकों की आवश्य कताओं एवं पसंद के बारे में गहरी जानकारियाँ लेकर काइनेटिक ग्रीन ऐसे समाधान देना चाहती है, जो उनके अनुकूल हों। इससे कुल मिलाकर ग्राहकों का अनुभव बेहतर होगा और राज्यन के शहरों में सर्विस तथा सपोर्ट ज्या्दा असरदार हो सकेगा। 'मिशन फत्तेह' के तहत, काइनेटिक ग्रीन अपने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीदलर मालिकों को बिक्री के बाद भी बेहतरीन सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राहक कई कॉम्प्लिमेंटरी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें वाहन की चेक-अप सेवा, मुफ्त गियर ऑइल, और उनके दरवाजे तक सुविधाजनक सहायता शामिल है। किसी भी समस्या पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि ग्राहकों का अनुभव बिना किसी रुकावट के बेहतर हो और वे काइनेटिक ग्रीन e3Ws का आनंद ले सकें। काइनेटिक ग्रीन उन वाहनों के लिए 3 महीने की मुफ्त एक्सटेंडेड वारंटी दे रही है, जिनका नियमित रूप से सही तरीके से रखरखाव किया गया है। वाहनों की इस योग्यता का आकलन सर्विस इंजीनियर द्वारा पूरी जांच के बाद किया जाएगा। यह पहल जिम्मेदार वाहन मालिकों को प्रोत्साहन देने और यह सुनिश्चित करने का तरीका है कि काइनेटिक ग्रीन के उत्पादों से ग्राहक हमेशा संतुष्ट रहें। इस पहल पर बात करते हुए, काइनेटिक ग्रीन की फाउंडर और सीईओ, सुश्री सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, मिशन फत्तेह सिर्फ एक पहल नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने का हमारा वादा है। हम उनकी मांगों को प्राथमिकता देकर और उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर सेवा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

# नंदन डेनिम लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए प्रभावशाली कमाई की रिपोर्ट दी, शुद्ध लाभ में 64% की वार्षिक वृद्धि

नंदन डेनिम लिमिटेड (बीएसई: 532641, एनएसई: ह्ल्ठरु), जो डेनिम उद्योग में अग्रणी स्थान रखता है, ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक परिणामों की घोषणा की है।

तिमाही परिणाम (30 सितंबर 2024 को समाप्त, स्टैंडअलोन): कंपनी की परिचालन से आय रुपये 82,025.08 लाख रही, जो वार्षिक आधार पर 105% की वृद्धि है। एबिटा रुपये 3,446.55 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही) रही, जिसमें वार्षिक आधार पर 12% की वृद्धि हुई। शुद्ध लाभ 7% वार्षिक वृद्धि के साथ रुपये 820 लाख (वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही) से बढ़कर रुपये 877.75 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही) हो गया।

अर्धवार्षिक परिणाम (30 सितंबर 2024 को समाप्त, स्टैंडअलोन): कंपनी की परिचालन से आय रुपये 1,57,187.40 लाख रही, जो वार्षिक आधार पर 62.25% की वृद्धि है। एबिटा (EBITDA) रुपये 6,894.83 लाख (वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही) रही, जिसमें वार्षिक आधार पर 43.98% की वृद्धि हुई।

# देश भर में बनाए जाएंगे 4,740 डिजिटल इंडिया सामान्य सेवा केंद्र



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ग्रामीण भारत में डिजिटल कार्य प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से एक के बाद एक महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत और गोरखपुर जिलों से डिजिटल इंडिया सामान्य सेवा केंद्र (डीआईसीएससी) परियोजना की शुरुआत होगी। इस पहल से 10 जिलों की लगभग सभी ग्राम पंचायतों में एक मॉडल डीआईसीएससी केंद्र स्थापित किया जाएगा। देश भर में कुल मिलाकर इनकी संख्या 4,740 हो जाएगी। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में 720 डीआईसीएससी केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जबकि गोरखपुर में 1,273 केंद्र होंगे। महाराष्ट्र में छत्रपति संभाजीनगर (पहले औरंगाबाद) में 870 केंद्र, हिमाचल प्रदेश के चंबा में 309, तेलंगाना के खम्मम में 589, गुजरात के गांधीनगर में 288, मिजोरम के ममित में 100, राजस्थान के जोधपुर में 415, लद्दाख के लेह में 95 और पुदुचेरी में 81 डीआईसीएससी केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों के कार्यान्वयन और केंद्रीकृत तकनीकी निगरानी का प्रबंधन सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। 31.6088 करोड़ के बजट वाली यह परियोजना शुरुआत में छह महीने तक चलेगी और इस अवधि को नौ महीने तक बढ़ाया जा सकता है। प्राथमिक लक्ष्य ग्रामीण नागरिकों को वित्तीय और वाणिज्यिक सेवाओं के साथ-साथ आवश्यक ई-गवर्नेंस सेवाएं प्रदान करने वाला एक एकीकृत मंच प्रदान करना है। पीलीभीत में सीएससी केंद्र आधार पंजीकरण, बैंकिंग, वित्तीय नियोजन, टेली-लॉ, टेलीमेडिसिन, शिक्षा और ई-कॉमर्स सहायता सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करेंगे। प्रत्येक सीएससी को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले सेवा केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और आधुनिक बुनियादी ढांचों से लैस किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) को सशक्त बनाना, स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। यह पहल केंद्रीकृत तकनीकी निगरानी के माध्यम से पारदर्शी और टिकाऊ सेवा वितरण भी सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा सरकारी योजनाओं को बढ़ावा देने और दूरदराज के क्षेत्रों में सीधे आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए जीपीएस-तकनीक सक्षम मोबाइल वैन तैनात की जाएंगी। इस पहल से पीलीभीत और गोरखपुर दोनों में डिजिटल साक्षरता में उल्लेखनीय वृद्धि और सेवाओं तक पहुंच में सुधार होने की उम्मीद है। डीआईसीएससी परियोजना स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण डिजिटल सेवाएं प्रदान करके इन क्षेत्रों का आधुनिकीकरण करने के लिए तैयार है।

# ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी फाइल की

**नईदिल्ली।** प्रमुख निजी होटल संपत्ति ओनर्स के बीच दक्षिण भारत में श्रृंखला-संबद्ध होटलों और कमरों का दूसरा सबसे बड़ा ओनर ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) में 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू शामिल है, जो कुल मिलाकर 900 करोड़ रुपये तक है। ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड भारत के प्रमुख शहरों, मुख्य रूप से दक्षिण भारत में होटलों का ओनर्स और डेवलपर है। यह होटल प्रमुख निजी होटलों में दक्षिण भारत (केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पांडिचेरी शामिल हैं) में श्रृंखला-संबद्ध होटल और कमरों के दूसरे सबसे बड़े ओनर्स हैं। 30 जून, 2024 तक इसके पास पूरे भारत में कम से कम 500 रूम रहे हैं। ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड (बीईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जो भारत में अग्रणी भारतीय रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है। बीईएल ने 2004 में अपने पहले होटल ग्रैंड मर्क्योर बैंगलोर के विकास के साथ हॉस्पिटालिटी व्यवसाय में प्रवेश किया। इसने 2009 में परिचालन शुरू किया। कंपनी के पास बेंगलुरु (कर्नाटक), चेन्नई (तमिलनाडु), कोच्चि (केरल), मैसूर (कर्नाटक) और गिफ्ट सिटी (गुजरात) में 1,604 रूम के साथ नौ ऑपरेटिंग होटलों का पोर्टफोलियो है। होटल मैरियट, एक्कोर और इंटरकांटिनेंटल होटल्स ग्रुप जैसी वैश्विक प्रमुख हॉस्पिटालिटी कंपनियों द्वारा संचालित किए जाते हैं और ये उच्च अपस्केल, अपस्केल, अपर-मिडस्केल और मिडस्केल सेगमेंट में हैं। होटल फाइन डाइनिंग और स्पेशियालिटी रेस्तरां, बैठकों के लिए स्थान, प्रोत्साहन, कांफ्रेंस और प्रदर्शनियों (एमआईसीई), लाउंज, स्विमिंग पूल, आउटडोर स्थान, स्पा और जिमनेशियम सहित एक व्यापक ग्राहक अनुभव प्रदान करते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को सात विकेट से हराया, गेंद विवाद में फंसे ईशान किशन



**मैकॉय ( ऑस्ट्रेलिया ) ( एजेंसी ) ।** ऑस्ट्रेलिया ए ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां भारत ए को चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट मैच में सात विकेट से हराया जिसमें भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन गेंद बदलने के विवाद में फंस गए। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 225 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन सुबह अपनी पारी तीन विकेट पर 139 रन से आगे बढ़ाई।कप्तान नाथन मैकस्वीनी (नाबाद 88) और ब्यू वेबस्टर (नाबाद 61) ने चौथे विकेट के लिए 141 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई। मैच के चौथे दिन की शुरुआत हालांकि गेंद बदलने को लेकर उठे विवाद से हुई। इस मामले को लेकर भारतीय खिलाड़ियों की अंपायर शॉन क्रेग के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। अंपायर को यह कहते हुए सुना गया कि गेंद पर खरोंच लगी थी जिसके कारण उसे बदला गया, जबकि किशन ने गेंद बदलने के फैसले को 'बेवकूफी भरा' बताया। अंपायर क्रेग को स्टंप माइक्रोफोन में गेंद बदलने के अपने फैसले के बारे में बताते हुए सुना गया। वह कह रहे थे,''गेंद पर स्क्रैच करो, हम उसे बदल रहे हैं। अब और बहस नहीं। चलो खेल शुरू करते हैं।'' इस पर किशन चुप नहीं रहे। उन्होंने जवाब दिया, ''तो हम इस गेंद से खेलने जा रहे हैं...यह बहुत ही मूर्खतापूर्ण फैसला है।'' इस पर क्रेग ने जवाब दिया,''माफ करें, असहमति जताने पर आपकी शिकायत की जाएगी। यह अनुचित व्यवहार है। आपके कारनामों के कारण हमने गेंद बदल दी।'' क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बाद में बयान जारी करके कहा कि गेंद को खराब होने के कारण बदला गया तथा दोनों कप्तानों और टीम प्रबंधन को इसके बारे में चौथे दिन का खेल शुरू होने से पहले सूचित कर दिया गया था। किशन पर असहमति का आरोप नहीं लगाया जाएगा।

# भारत के प्रमुख उद्योगों में सितंबर में हुई 2 प्रतिशत की बढ़त, सीमेंट और कोयला रहा आगे



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत के प्रमुख उद्योगों में सितंबर में पिछले साल के मुकाबले 2 प्रतिशत की बढ़त हुई है। इस तेजी का नेतृत्व सीमेंट, रिफाइनिंग प्रोडक्ट्स, कोयला, फर्टिलाइजर और स्टील उद्योगों की ओर से किया गया। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के डेटा के मुताबिक, अप्रैल से सितंबर की अवधि के दौरान आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक (आईसीआई) की संचयी वृद्धि दर सालाना आधार पर 4.2 प्रतिशत रही है। जून में आईसीआई की अंतिम वृद्धि दर 5 प्रतिशत थी। आठ प्रमुख उद्योगों से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं का 40.27 प्रतिशत हिस्सा आता है। प्रोविजनल डेटा के मुताबिक, सितंबर में कोयला उत्पादन में सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अप्रैल-सितंबर 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.9 प्रतिशत बढ़ गया। सितंबर में पेट्रोलियम रिफाइनरी का उत्पादन पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 5.8 प्रतिशत बढ़ गया। इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अप्रैल से सितंबर 2024-25 के दौरान 2.3 प्रतिशत बढ़ गया। सितंबर में फर्टिलाइजर उत्पादन में भी 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अप्रैल से सितंबर 2024-25 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.7 प्रतिशत बढ़ गया। सितंबर में स्टील उत्पादन 1.5 प्रतिशत बढ़ा और इस वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान स्टील का संचयी सूचकांक 6.1 प्रतिशत बढ़ गया। इसके अलावा, सितंबर में सीमेंट उत्पादन 7.1 फीसदी बढ़ा है।

# बेन स्टोक्स आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में नहीं लेंगे हिस्सा




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स के आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में हिस्सा ना लेने की संभावना जताई जा रही है। वह टेस्ट क्रिकेट पर फोकस करने के चलते आईपीएल 2025 से बाहर रह सकते हैं। उन्होंने एशेज पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आईपीएल 2024 ऑक्शन में नाम नहीं दिया था। स्टार ऑलराउंडर स्टोक्स ने आखिरी आईपीएल मैच 2023 में खेला था। उन्होंने चेन्नई के लिए दो मैच खेले थे। द टेलीग्राफ कि रिपोर्ट के मुताबिक, स्टोक्स के आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में नाम नहीं देने का मतलब है कि वह व्हाइट-बॉल क्रिकेट पर पूरी तरह से फोकस करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 वर्ल्ड कप में खेला था। हालांकि, 33 वर्षीय ऑलराउंडर वनडे क्रिकेटर से रिटायर होने के बाद वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लौटा। उन्होंने फिर से वनडे खेलने के संकेत दिए हैं। स्टोक्स का 2025 में काफी व्यस्त शेड्यूल है। इंग्लैंड को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू और विदेश में टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। एक ऑलराउंर के रूप में स्टोक्स के लिए वर्कलोड मैनेज करना बहुत जरूरी है। उन्होंने हाल ही में चोट के बाद वापसी की है।

# सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने 1:10 स्टॉक स्प्लिट को दी मंजूरी

**मुंबई :** सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (SPIL) (BSE: 543828), जो कि रासायनिक और फार्मास्युटिकल व्यवसाय में अग्रणी नाम है, ने घोषणा की है कि इसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन / स्टॉक स्प्लिट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव के तहत 1 शेयर को विभाजित कर 10 शेयरों में परिवर्तित किया जाएगा, जो कि शेयरधारकों की मंजूरी और अन्य आवश्यक अनुमोदनों पर निर्भर है। हाल ही में, कंपनी ने एक नई सहायक कंपनी सुदर्शन मेवन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। इस सहायक कंपनी का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार की फार्मास्युटिकल्स, स्वास्थ्य संबंधी, आयुर्वेदिक और आहार अनुपूरक उत्पादों का निर्माण, फॉर्मूलेशन, प्रोसेसिंग, विकास, परिष्करण, आयात और निर्यात करना है, इसके अलावा विविध अन्य उत्पाद भी शामिल हैं। इससे पहले, जुलाई महीने में, कंपनी ने अपने प्रमोटरों को परिवर्तनीय वारंट्स के जारी करके धन जुटाने की मंजूरी दी थी। सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (SPIL) रासायनिक और फार्मास्युटिकल उद्योग में एक प्रमुख नाम बन गया है। इसके प्रमोटर्स, श्री हेमल वी. मेहता और श्री सचिन वी. मेहता, जिनके पास सामूहिक रूप से 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है, के नेतृत्व में सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने विशेष रसायनों और बल्क ड्रग्स के क्षेत्र में मजबूत नींव रखी है। उनकी दृष्टि ने कंपनी को एक एकीकृत रासायनिक और फार्मास्युटिकल कंपनी के रूप में विकसित करने में मदद की है और कंपनी को नवाचार और विश्वसनीयता के लिए ख्याति दिलाई है। सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत है, जिसमें फार्मास्युटिकल और रासायनिक उद्योग शामिल हैं, विशेष रूप से उन रसायनों और इंटरमीडिएट्स पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जिनका उपयोग फार्मास्युटिकल्स, पेंट्स, खाद्य उत्पादों और चिपकने वाले पदार्थों में होता है। कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है और वर्तमान में च, ऑस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान, सीरिया, ओमान, ताइवान और स्व्ध्ह्व क्षेत्र में उत्पाद निर्यात करती है। अपने मुख्य कार्यों के अलावा, सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड अनुबंध निर्माण, आउटसोर्सिंग और सामान्य फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशंस की आपूर्ति स्वास्थ्य संस्थानों, सरकारों, एनजीओ और अस्पतालों को भी करती है।

# मोतिसन्स ज्वेलर्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के शानदार आय के परिणाम जारी किए, शुद्ध लाभ में 101% की वार्षिक वृद्धि

मोतिसन्स ज्वेलर्स लिमिटेड (बीएसई: 544053, एनएसई: MOTISONS), ज्वेलरी उद्योग की प्रमुख कंपनी, की 28 अक्टूबर 2024 को हुई बोर्ड बैठक में 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और अर्ध-वार्षिक के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी गई। 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए (स्टैंडअलोन), कंपनी के संचालन से राजस्व 10,934.44 लाख रुपये दर्ज किया गया, जो वर्ष-दर-वर्ष 21% की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे एबिटा 1,762.51 लाख रुपये रहा, जो 34त्न की वार्षिक वृद्धि है। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के एबिटा मार्जिन 152 बीपीएस बढ़कर 14.57% से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे 16.09% तक पहुंच गया साथ ही वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ 518.28 लाख रुपये था जो वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे 101% बढ़कर 1,039.55 लाख रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही मे शुद्ध लाभ मार्जिन 9.49% पर पहुंच गया, जो 374 बीपीएस की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त अर्ध-वार्षिक के लिए (स्टैंडअलोन), संचालन से राजस्व 19,805.64 लाख रुपये दर्ज किया गया, जो 11.98% की वार्षिक वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025 की पहली अर्ध-वार्षिक मे एबिटा 2,869.36 लाख रुपये रहा, जो 11.52% की वृद्धि दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 की पहली अर्ध-वार्षिक मे एबिटा मार्जिन में 14.45% रहा। वित्त वर्ष 2025 की पहली अर्ध-वार्षिक मे शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष 2024 की पहली अर्द्धवार्षिक मे 56.91त्न की वार्षिक वृद्धि के साथ 1,066.04 लाख रुपये से 1,672.75 लाख रुपये हो गया। शुद्ध लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2025 की पहली अर्ध-वार्षिक में 8.42% रहा। हाल ही में, कंपनी ने यह घोषणा की है कि बोर्ड ने 1:10 के अनुपात में इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन/विभाजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है, अर्थात् 1 इक्विटी शेयर को 10 में विभाजित किया जाएगा।



श्री नरेन्द्र मोदी
मानीय प्रधानमंत्री

# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

## 2024

## दिनांक 04 से 06 नवम्बर



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस "राज्योत्सव"

## उद्घाटन कार्यक्रम

04 नवम्बर, 2024
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर

**मुख्य अतिथि**
**डॉ. मोहन यादव**
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**अध्यक्ष**
**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**अतिविशिष्ट अतिथि**
**डॉ. रमन सिंह**
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़





**विशिष्ट अतिथि**

**श्री अरूण साव**
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

**श्री विजय शर्मा**
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़





श्री रामविचार नेताम, माननीय मंत्री
श्री दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री
श्री केदार कश्यप, माननीय मंत्री
श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल, माननीय मंत्री
श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, माननीय मंत्री
श्री टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री
डॉ. चरणदास महंत, माननीय नेता प्रतिपक्ष
श्री बृजमोहन अग्रवाल, माननीय सांसद
श्री राजेश मूणत, माननीय विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा, माननीय विधायक
श्री मोती लाल साहू, माननीय विधायक
श्री अनुज शर्मा, माननीय विधायक
श्री गुरू खुशवंत साहेब, माननीय विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू, माननीय विधायक





एवं

समस्त माननीय सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

**आप सादर आमंत्रित हैं...**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

SAMVAD- 42009/ 95